दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। बुधवार 14 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 306 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## अमित शाह ने अहमदाबाद में 'हर घर तिरंगा यात्रा' को दिखाई हरी झंडी



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अहमदाबाद में हर घर तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। अहमदाबाद नगर निगम द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम शाम 4:30 बजे विराटनगर क्षेत्र में आयोजित किया गया। यह पहल राष्ट्रव्यापी अभियान का एक अहम हिस्सा है, जो नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिसका उद्देश्य देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है। भाजपा ने पूरे भारत में यह अभियान शुरू किया है, जिसमें केंद्र सरकार नागरिकों से घरों, दुकानों और कार्यालयों पर तिरंगा फहराने का आग्रह कर रही है।

गौरतलब है कि हर घर तिरंगा अभियान भारत की स्वतंत्रता के 75वें वर्ष के उपलक्ष्य में 2021 में शुरू किया गया था। इसका उद्देश्य देश को नागरिकों में देशभक्ति की भावना पैदा करना और भारतीय राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता बढ़ाना है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 28 जुलाई को अपने 112वें ह्यमन की बातह्न संबोधन के दौरान नागरिकों से इस अभियान में भाग लेने की अपील की। उन्होंने लोगों को अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पिक्चर को तिरंगे में बदलने के लिए प्रोत्साहित किया। गृह मंत्री अमित शाह ने भी इस अपील को दोहराया, व्यापक भागीदारी और सेल्फी साझा करने का आग्रह किया।






# रंग लायेगा मेयर का 100 करोड़ का गेम
# आज मिलेगा मेयर को बड़ा क्रेडिट और बड़ा फेम








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इसमें कोई शक नहीं है कि जब अधिकार और हक को लेकर अफसरशाही और जनप्रतिनिधि के बीच युद्ध का ऐलान हुआ तो मेयर ने यहां पूरी ताकत के साथ शंखनाद किया।

अधिकारी के आरोपों पर उन्होंने पलटवार किया। प्रेसवार्ता की और पूरे तेवरों के साथ निगम के अधिकारियों को घेरा। यहां पर मेयर सुनीता दयाल की ये तारीफ करनी होगी कि उन्होंने इस जंग में माईंड गेम खेला है। उन्होंने सबसे पहले अधिकारी लॉबी को ये संदेश दिया कि वो केवल एक चुनी हुई जनप्रतिनिधि ही नहीं है बल्कि वो महानगर की प्रथम नागरिक हैं वो 100 पार्षदों वाले सदन की मुखिया हैं और नगर निगम में उनका अपना एक कद है। उन्होंने सबसे पहले पार्षदों को एकजुट किया और यहां पर उन्होंने माईंड गेम खेलते हुए उन 25 पार्षदों को भी साथ ले लिया जो अन्य दलों के हैं।

यहां उन्होंने संदेश दिया कि वो केवल भाजपा के पार्षदों की मुखिया नहीं है बल्कि वो महानगर के मेयर है और निगम के सदन की मुखिया है। मेयर सुनीता दयाल का मास्टर स्ट्रोक ये रहा कि उन्होंने एक-एक करोड के कामों का ऐलान कर दिया। और आज मेयर का 100 करोड का गेम उन्हें बड़ा फेम देने जा रहा है। पार्षद उनका अभिनंदन करने जा रहे हैं। 100 करोड के इस गेम का क्रेडिट मेयर को मिलना है और मेयर ने यहां एक तीर से कई निशाने साधे हैं उन्होंने अपने पत्र में पत्रावली शब्द का प्रयोग किया और उन्होंने सारे प्रस्ताव एक झटके में अपने पास कर लिये। ये संदेश दिया कि मैं सदन की मुखिया हूं और यहां विकास की पाठशाला मेरे बिना अधूरी है। मेयर पार्षदों को संगठित करने में कामयाब रही है। और मेयर ने शक्ति प्रदर्शन के साथ अपनी ताकत का मुलाहिजा किया है।

### किसकी निकालेंगे मरोड़, पार्षदों को मिले एक-एक करोड़

करंट क्राइम। नगर निगम में अधिकारों का युद्ध है और यहां अवस्थापना निधि वाले एक एक करोड़ पार्षदों के हिस्से में आ गये है 50-50 लाख की पत्रावली के आदेश तत्काल और 50-50 लाख के काम बाद में कराने की बात बाद में कही गई और पार्षद खुश और उन्होंने स्वागत का ऐलान किया। मेयर ने अधिकारों को लेकर संदेश दिया कि अवस्थापना निधि की अध्यक्ष मेयर है तो फिर विकास का नक्शा भी मेयर से पूछकर तैयार होगा। अब एक आम चर्चा नगर निगम में ये है कि पार्षदों को मिले ये एक करोड किसी मरोड़ को कम करेंगे। पार्षद इस प्रस्ताव से खुश हैं और वो मेयर के साथ है। अब सभी पार्षद अपने अपने प्रस्तावों में जुट गये हैं।

### पार्षद एकता जिंदाबाद और पार्षद करेंगे अभिनंदन आज

करंट क्राइम। मेयर का मास्टर स्ट्रोक कामयाब रहा है और इसके इफैक्ट सामने आ गये हैं। पार्षदों के व्हाट्सऐप ग्रुप पर पार्षद एकता जिंदाबाद का नारा गूंजा और फिर आदरणीय महापौर सुनीता दयाल जिंदाबाद जिंदाबाद की आवाज आई और पार्षदों ने ऐलान कर दिया कि वो आज अपनी मेयर सुनीता दयाल का अभिनंदन करने उनके कैम्प कार्यालय की तरफ कूच करेंगे। पार्षदों ने अपने ग्रुप पर ये भी लिखा कि ये अभिनंदन इतिहास में गूंजना चाहिए। सीधा सा संदेश है कि पार्षदों ने इस रण मेंअपनी आस्था मेयर में जताई और उन्होंने एक करोड के विकास कार्यों पर खुशी जताई। आज मेयर का सम्मान होगा और माना जा रहा है कि इसका संदेश मजबूत जायेगा।

# 15 अगस्त को लेकर पुलिस कमिश्नरेट में अलर्ट
# रेलवे स्टेशन, मॉल और बार्डर पर बढ़ाई गई सुरक्षा

### बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वॉयड ने भी संभाली कमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में स्वतंत्रता दिवस को लेकर अलर्ट जारी कर दिया गया है। तो वहीं पुलिस और खुफिया विभाग भी चेकिंग अभियान शुरू कर चुका है। मंगलवार की रात अलग-अलग जोन में एसीपी स्तर के अधिकारियों ने संबंधित बाजारों, इलाकों और होटल से लेकर शॉपिंग मॉल में चेकिंग अभियान चलाया। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की बम निरोधक दस्ता टीम और डॉग स्क्वायड की टीमों ने अलग-अलग थानाक्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाकर मुस्तैदी प्रदर्शित की। वहीं दिल्ली बॉर्डर, नोएडा और हापुड़ बॉर्डर के इलाकों में पुलिस द्वारा चेकिंग बढ़ा दी गई है। संवेदनशील इलाकों में पुलिस नजर रखने का काम कर रही है।





### रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चलाया चेकिंग अभियान


करंट क्राइम : 15 अगस्त के मद्देनजर जीआरपी प्रभारी अनुज मलिक के साथ बड़ी संख्या में पुलिस बल और विजयनगर थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने गाजियाबाद रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, एंट्री-एग्जिट प्वाइंट और मुख्य मार्ग पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान संदिग्धों की जांच की गई। साथ ही कैमरों की भी जांच की गई। इस दौरान डॉग स्क्वायड की मदद से सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। वहीं बम निरोधक दस्ता की टीम और डॉग स्क्वायड पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा शहर के अलग-अलग मॉल और बाजारों में भी चेकिंग अभियान चलाया गया। सुरक्षा का यह अभियान बुधवार को भी जारी रहेगा।

### बंद रहेगी शराब की दुकान और मेट्रो पार्किंग

करंट क्राइम : जिला आबकारी अधिकारी ने सूचना जारी की है कि 15 अगस्त को ड्राई डे रहेगा। इस दिन शहर के सभी ठेके और वाइन शॉप बंद रखी जाएगी। इसके साथ ही मेट्रो की पार्किंग को लेकर भी पुलिस सख्ती बरतेगी। अमूमन चलने वाली पार्किंग बंद रहेगी और वाहनों को नहीं खड़ा करने दिया जाएगा।

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर का नाम लेकर दी धमकी, लोनी पुलिस जांच में जुटी

## विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने दी पुलिस को शिकायत





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** हमेशा सुर्खियों में रहने वाले लोनी से विधायक नंदकिशोर गुर्जर का एक और मामला सामने आया है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी थाने में लिखित शिकायत दी है। जिसमें जानकारी दी गई है कि मंगलवार को दोपहर लगभग 3 बजे लोनी कोतवाली पुलिस इंक्वारी से रामवीर यादव बताने वाले व्यक्ति द्वारा मोबाइल के माध्यम से अंकित नाम के व्यक्ति को मोबाइल नंबर पर कॉल करके विधायक नंदकिशोर गुर्जर का नाम लेते हुए भद्दी भद्दी गाली जो ना लिखे जाने वाली हैं, देकर धमकाया गया है। साथ ही उगाही करने का प्रयास भी किया गया है। पूर्व में भी इसी तरीके की घटना होने की उन्होंने जानकारी दी है। उधर नंदकिशोर गुर्जर को शक है कि लगातार इस तरह की घटना घट रही है, उनको लग रहा है कोई बड़ा नेता या अपराधी उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहा है, जो की अत्यंत चिंताजनक है। उन्होंने लोनी पुलिस को लिखें शिकायती पत्र में उपयुक्त विषय पर तत्काल कठोरतम धाराओं में मुकदमा दर्ज करने और पूरे गिरोह का पर्दा फाश करने की मांग की है।

### बोले डीसीपी ग्रामीण हो रही है मामले की जांच

**करंट क्राइम :** विधायक नंदकिशोर गुर्जर के मामले को लेकर जब ग्रामीण जोन के डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि पूरे मामले की शिकायत लोनी कोतवाली पुलिस को मिली है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जिसके बाद उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यह जो भी व्यक्ति है ,उसके खिलाफ पुलिस सख्त कार्रवाई करे।

### विधायक बोले मेरी छवि खराब करने का दुस्साहस ना करें

**करंट क्राइम :** विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस पूरे मामले में पुलिस को तो भी शिकायत की है। साथ ही सूत्रों ने बताया है कि पार्टी के लोगों को भी जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा है कि इस पूरे मामले में पुलिस जल्द ही एक्शन ले, जो लोग उनकी छवि खराब करने का दुस्साहस कर रहे हैं वह ऐसा ना करें।

# गाजियाबाद में लागू होगा जल्द नया सर्किल रेट, 20% तक हो सकती है बढ़ोत्तरी

## आवासीय भूमि और व्यावसायिक क्षेत्र की कीमतों में होगी बढ़ोत्तरी

## डीएम के निर्देश पर सर्किल रेट बढ़े

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में जिलाधिकारी द्वारा डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी की रूपरेखा तैयार कर ली गई है। इसके लिए बताया जा रहा है कि आवासीय और व्यावसायिक भूमि की कीमतों में लगभग 20% तक की वृद्धि हो सकती है। अधिकारियों ने 28 अगस्त तक इस पर आपत्तियां मांगी हैं। इसके बाद इस पर विचार कर इसे फाइनल किया जाएगा। डीएम सर्किल रेट में बढ़ोत्तरी होने का असर गाजियाबाद में प्रॉपर्टी खरीदने पर भी दिखेगा। उधर जानकारी यह मिली है कि नए सर्किल रेट जो प्रस्तावित किए गए हैं, उसको एनआईसी की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इससे गाजियाबाद के आवासीय और व्यावसायिक क्षेत्र में भूमि लेने के लिए अब लोगों को अधिक जेब भी ढेली करनी होगी।




### आवासीय क्षेत्र में होगी लगभग 20% की वृद्धि

करंट क्राइम : गाजियाबाद में आवासीय भूमि की दरों में 10 से 20% की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। जिसके बाद गाजियाबाद में अगर आवासीय क्षेत्र में जमीन लेनी है तो अधिक कीमत चुकानी होगी। हालांकि इसको अभी पूरी तरीके से फाइनल नहीं किया गया है लेकिन संभावना जताई जा रही है की वृद्धि का प्रतिशत 20 रह सकता है।

### वेव सिटी और आदित्य वर्ल्ड सिटी में आया सबसे ज्यादा बूम

करंट क्राइम : गाजियाबाद में वेव सिटी एवं आदित्य वर्ल्ड सिटी में आवासीय भूमि की दरों में 17,300 से बढ़कर 50,000 प्रति वर्ग मीटर का रेट प्रस्तावित किया गया है। वेव सिटी और आदित्य वर्ल्ड सिटी के लिए यह बढ़ोत्तरी सार्वाधिक बूम मानी जा रही है। माना जा रहा है कि यह सबसे महंगे इलाकों में से एक बन जाएगा। साथ ही पार्क टाउन एवं अर्बन होम्स की दरें भी किसी वृद्धि दर से प्रस्तावित की गई है। वहीं कनवानी की दरों में भी 20% की वृद्धि हुई है।

### नदियापार के प्लाटों की दरों में भी 15% की वृद्धि

करंट क्राइम : अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार प्लाटों की खरीदारी के लिए भी अब लोगों को ज्यादा भुगतान करना होगा। कौशांबी में वृद्धि 64,000 से 74 हजार की गई है। तो इंदिरापुरम में 58,000 से 66,000। वैशाली में भी 58,000 से 66,000 और वसुंधरा में गया रेट 52,000 से 60,000 कर दिया गया है।

### व्यावसायिक दरों में भी 15 से 20% की होगी वृद्धि

करंट क्राइम : घरेलू वृद्धि के साथ ही व्यावसायिक क्षेत्र की दरों में भी वृद्धि हो सकती है। इंदिरापुरम में अब 10 लाख 8000 से बढ़कर 12, 2000 रेट हो गया है। तो वैशाली में भी यह रेट से रहेगा। अंबेडकर रोड पर एक लाख 13, 8000 से 150,000 कर दिया गया है। आरडीसी के लिए यह 16,9000 से 18,0000 रुपए कर दिया गया है।

### कृषि दरों में भी की गई है वृद्धि

करंट क्राइम : जगजीवनपुर में एक करोड़ 7 लाख से बढ़ाकर एक करोड़ 14 लाख प्रति हेक्टेयर, तो वहीं नूरनगर में 13 करोड़ 20 लाख से बढ़ाकर 13 करोड़ 86 लाख प्रति हेक्टेयर का रेट हो सकता है। तो वहीं मोरटा के लिए 5 करोड़ 50 लाख से बढ़ाकर, 5 करोड़ 77 लख रुपए प्रति हेक्टेयर का रेट रखा गया है। जो आने वाले कुछ दिनों में फाइनल कर दिया जाएगा।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका जुलाई माह की बैठक का हुआ आयोजन

## समयान्तराल में कार्य पूरा करें अन्यथा होगी विभागीय कार्रवाई : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महात्मा गांधी सभागार, कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास एवं राजस्व कार्यों से सम्बंधित–जुलाई माह) की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन। जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह द्वारा मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यों से संबंधित) की बैठक के दौरान अतिरिक्त ऊर्जा, उद्यान, ऊर्जा, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियन्त्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, दिव्यांगजन स शक्तिकरण, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, पंचायतीराज, पर्यटन, पर्यावरण व एवं जलवायु परिवर्तन, प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्त, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, लोक निर्माण, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमिता, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई एवं जल संसाधन, लोक शिकायत विभागों से सम्बंधित परियोजनाओं में दिए गए लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ण/निस्तारण ना होने की स्थिति में सम्बधित विभागाधिकारी/नोडल अधिकारी से चर्चा की गई।

मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (राजस्व से सम्बंधित) की समीक्षा बैठक के दौरान अवस्थापना, औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, आबकारी, आवास, उपभोक्ता सरक्षण एवं बाटमाप, कृषि विपणन एवं विदेश व्यापार, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, नगर विकास एवं गरीबी उन्मूलन, परिवहन, भूतत्व एव खनिकर्म, राज्य कर, लोक शिकायत, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, सैनिक कल्याण, लोक शिकायत विभागों से सम्बंधित परियोजनाओं में दिए गए लक्ष्य की शतप्रतिशत पूर्ण/निस्तारण ना होने की स्थिति में सम्बधित विभागाधिकारी/नोडल अधिकारी से चर्चा की गई।



**जिलाधिकारी ने किया विभाग की खराब रैंकिंग आने पर विभागाध्यक्ष/ नोडल अधिकारी को परनिन्दा पत्र जारी, मांगा स्पष्टीकरण**

**करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि सर्वप्रथम जिस विभाग की रैंकिंग खराब है और वे बैठक में उपस्थित नहीं है उन सभी की परिनिन्दा करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि पत्र जारी करने हेतु आदेशित किया। साथ ही कहा कि कोई भी अधिकारी बिना उनकी अनुमति के जनपद छोड़कर नहीं जायेगा। इसके साथ ही जिस विभाग की ई रैंकिंग आई है उनकी भी परिनिन्दा करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि देने के आदेश दते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा कि उनकी ई रैंकिंग क्यों आई? जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक माह मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर रैंकिंग अंकित होने से पूर्व ही समयानुसार सम्बंधित सभी अपर जिलाधिकारी एक बार, उप–जिलाधिकारी दो बार, तहसीलदार चार बार, नायब तहसीलदार 8 बार बैठक करना सुनिश्चत करें, जिससे की समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरणों का पूर्ण निस्तारण किया जा सके। हमें अपने कार्य की प्रति ईमानदारी, कत्तर्व्यनिष्ठा और समयनिष्ठता रखनी है और इससे ही हमारी रैंकिंग टॉप पर हो जायेगी। शासनादेश अनुसार जन सेवा से करने से हमारे लक्ष्यों की पूर्ति हो जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सभी एडीएम, सभी एसडीएम, सभी तहसीलदार, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह, सम्बंधित विभागों के विभागध्यक्ष, नोडल अधिकारी/प्रतिनिधि, उपस्थित रहे।

# गोविंदपुरम गल्ला मंडी में किया गया तिरंगा वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत मंगलवार को गोविंदपुरम गल्ला मंडी में सभी व्यापारी भाइयों और दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारियों को तिरंगा झंडा वितरित किया गया। साथ ही वंदे मातरम और भारत माता की जय-जयकार के नारों के साथ व्यापारियों ने मंडी परिसर मे एक रैली भी आयोजित की। इस अवसर पर मंडी सचिव सुनील शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही मंडी एसोशिएशन के महासचिव सुधीर गोयल मोनू, नरेश अग्रवाल, राजीव गर्ग, बिन्टू, संजु, अखिल गर्ग, मोहित गर्ग, रवि , सुमित, रिकी, सलमान आदि व्यापारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।



## न्यूज डायरी

### कौशांबी में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी स्थित प्राचीन सनातन धर्म मंदिर में डीएनए वेदा आयुर्वेदिक व पंचकर्म वैलनेस सेंटर ने निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व पार्षद भाजपा नेता डॉ मनोज गोयल द्वारा इस आयोजन का शुभारंभ किया गया। हर महीने के दूसरे शनिवार को निशुल्क कैंप का आयोजन किया जाता है। डॉक्टर स्नेह लता एवं उनकी टीम द्वारा आयुर्वेदिक परामर्श नडी परामर्श द्वारा मरीजों की जांच प्राकृतिक तरीके से की जाती है। लोगों कक दवाइयां भी निशुल्क दी जाती हैं, बड़ी संख्या में लोगों ने इस निशुल्क चिकित्सा केंद्र का लाभ लिया। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए अध्यक्ष देवेंद्र कुमार भार्गव, समाजसेवी जीडी शर्मा, पंडित राजेंद्र पांडे, राजेंद्र गोयल, श्यामवीर भदोरिया, सुधीर गुप्ता आदि लोग उपस्थित रहे।

### गिन्नी देवी पीजी कॉलेज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत किया संगोष्ठी का आयोजन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** गिन्नी देवी मोदी गर्ल्स पीजी कॉलेज में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रंखला में इतिहास विभाग व शिव रंजिनी कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन गया। महाविद्यालय में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की श्रँखला में इतिहास विभाग व शिव रंजिनी कल्चरल क्लब के संयुक्त तत्वाधान में प्राचार्या पूनम शर्मा के नेतृत्व में छात्राओं में राष्ट्रीय चेतना के संचार हेतु एक संगोष्ठी का आयोजन सुश्री रश्मि चैधरी, डॉ0 आकांक्षा सारस्वत, डॉ0 सारिका गर्ग द्वारा किया गया। जिसमें छात्राओं को तिरंगे के स्वर्णिम इतिहास के बारे में बताया गया कि किस प्रकार भारतीय तिरंगा समय के साथ परिवर्तित होते हुऐ आधुनिक स्वरुप में राष्ट्रीय एकता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में दीपांशु, प्राची, कनिका शर्मा, प्रियंका, अनिशा, विशाखा, हर्षिता आदि छात्राओं ने भारतीय तिरंगे पर अपने विचार प्रस्तुत किये। खुशबु त्यागी, प्रेरणा, गार्गी, अनीता, कौशिक आदि सहयोगी रहे। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने भारी संख्या में प्रतिभाग किया।

### दिल्ली में आयोजित वास्तु एवं ज्योतिष संगोष्ठी में डॉ. सोनिका जैन हुईं सम्मानित



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** संस्कार प्रणेता, ज्ञानयोगी जीवन आशा हॉस्पिटल के प्रेरणा स्रोत आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज का चातुर्मास दिल्ली सूरजमल विहार में हो रहा है। उनके सानिध्य मे वहां पर तीन दिवसीय ह्नवास्तु एवं ज्योतिष संगोष्ठीह्न का आयोजन किया गया। जिसमें मोदीनगर से जानीमानी ज्योतिषाचार्य एवं वास्तु विद्द डॉ10 सोनिका जैन को अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया। उन्होने वास्तु के द्वारा विवाह सम्बन्धित समस्या को कैसे दूर करें, विषय पर अपने विचार रखें जिसे सभी के द्वारा काफी सराहा गया। कार्यक्रम में ज्योतिष एवं वास्तु से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर आठ सत्र का आयोजन किया गया। मुख्य संयोजक देवेंद्र सिंघाई द्वारा देशभर से लगभग 20 विद्वानों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से दिल्ली, रेवाड़ी, इंदौर मोदीनगर व जयपुर के विद्वानों ने भाग लिया और अपने विचार ज्योतिष और वास्तु के विषय में रखें। कार्यक्रम के समापन पर अयोजको द्वारा सभी विद्वानों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जिसमें सोनिका जैन को भी सम्मानित किया गया।

### सुहागरात की वीडियो क्लिप बनाकर सोशल मीडिया पर की वायरल, पति सहित पांच के खिलाफ मामला दर्ज




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक महिला से झूठ बोलकर दूसरी शादी रचाने वाले युवक ने पत्नि की सुहागरात की विडियो क्लीप बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। जब अज्ञात फोन से महिला को इसकी जानकारी हुई ओर फोटो देख उसने ससुराल पक्ष के समक्ष विरोध जताया तो आरोपी पक्षो ने उसके साथ मारपीट की ओर कमरे में बंधक बनाकर उसका शरारिक व मानसिक शोषण किया। पुलिस ने पीडिता की दी तहरीर पर, पति सहित पांच के खिलाफ मामला दर्ज किया हैं।

### तहसीलकर्मियों ने वसूली को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** तहसील प्रशासन पर बैनामे का दाखिल खारिज कराने, प्रमाण पत्रों की आड़ में अतिरिक्त रूपयों की वसूली करने सहित कई आरोपो को लेकर किसानों ने तहसील मुख्यालय पर हंगामा किया ओर एसडीएम न्यायिक राजेंद्र प्रसाद शुक्ला को इस सबंध में ज्ञापन सौंपा, साथ ही चेताया कि यदि उनकी मांगो पर शीघ्र कार्यवाही नही हुई तो आंदोलन तेज किया जायेगा। भाकियू के बैनर तले किसान नेता नंदकिशोर शर्मा के नेतृत्व में गांव मुरादाबाद के किसान तहसील पहुंचे। उन्होने मुरादाबाद के एक किसान के बैनामे के साथ की गयी हेराफेरी को लेकर रोष जाहिर किया, वही तहसील में पनपे भ्रष्टाचार को लेकर नाराजगी जाहिर की। हंगामे के बीच पहुंचे एसडीएम न्यायिक राजेंद्र प्रसाद शुक्ला ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण करायेगे।

**इंदिरापुरम मंडल ने किया हर घर तिरंगा कार्यक्रम का आयोजन**

# सांसद अतुल गर्ग ने भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज वितरित किए



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम मंडल में आयोजित हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को स्वर्ण जयंती पार्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर, महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, महामंत्री पप्पू पहलवान, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग रहे। सांसद अतुल गर्ग ने सरोजिनी नायडू की मूर्ति पर स्वच्छता अभियान चलाया और माल्यार्पण किया। सांसद अतुल गर्ग ने कार्यक्रम में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय ध्वज भी वितरित किए। इन अवसर पर पार्षद राधेश्याम त्यागी, संजय सिंह, धीरज अग्रवाल, डॉक्टर अनिल तोमर, हरीश कराकोटी अनुज त्यागी उपस्थित रहे। उन्होंने भी माला अर्पण कर हमारी आजादी की लड़ाई की वीरांगनाओं को श्रद्धांजलि दी और उन्हें याद किया। इस अवसर पर महामंत्री अनिल कटारिया, महामंत्री देवाशीष दत्ता, विनोद त्यागी, जयश्री सिन्हा, सतीश कसाना, देवदत्त पॉल, प्रयाम सक्सेना, धीरज शर्मा, वृंदा चावरे सतीश शर्मा, संजय गुप्ता, राजेंद्र पाठक, पिंटू तोमर, मास्टर सुनील शर्मा आदि ने महान स्वतंत्रता सेनानियों की मूर्ति पर स्वच्छता कार्यक्रम एवं माल्यार्पण किया गया। इंदिरापुरम भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयकारों से गूंज उठा। इंदिरापुरम मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी ने कार्यक्रम में आए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया और 15 अगस्त को अपने-अपने घरों पर और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय तिरंगा ध्वज को फहराकर एक सेल्फी नमो और सरल ऐप पर डालने की अपील की।

# तिरंगा देश की आन-बान और शान, हर देशवासी घर पर तिरंगा लहराए : रीना भाटी

## नगर पालिका परिषद के विभिन्न क्षेत्रों में किया तिरंगा वितरण





**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद के विभिन्न क्षेत्रों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत तिरंगा वितरण किया गया। समाज के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। खोड़ा कॉलोनी में तिरंगे वितरण किया गया। घर-घर जाकर और जनता का प्यार और आशीर्वाद प्राप्त हुआ। पूर्व चेयरमैन खोड़ा रीना भाटी ने इस अवसर पर देशवासियों को अपने घर पर तिरंगा लगाने के लिए कहा। साथ ही रीना भाटी ने यह भी कहा कि स्वच्छता ही जीवन का आधार है। तिरंगा हमारे देश की आन-बान और शान है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष और बलवीर चौहान, संजीव गिरी, राजीव चंदेल, हरेंद्र चौधरी और मातृशक्ति साथ-साथ रहे। इस अवसर पर युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। हर घर तिरंगा और स्वच्छता अभियान के तहत डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा को माला पहनाकर सम्मान किया गया। स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। इस अवसर पर खोड़ा कॉलोनी के ईश्वर सिंह, गंगेश, रजनी सिंह, जीतू राय, मुकेश गिरी और हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### महामंत्री पप्पू पहलवान कार्यकर्ताओं के साथ शहीद स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को शालीमार गार्डन शहीद स्थल पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा महामंत्री पप्पू पहलवान के नेतृत्व मे मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुरेश कश्यप पार्षद राहुल शर्मा द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के साथ स्वच्छता अभियान चलाया गया व महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शालीमार गार्डन राजन आर्य, मंडल महामंत्री हरीश गौड, डीएन कोल, प्रतीक माथुर, शैलेंद्र सक्सेना नीरज गुप्ता, नितिन बंसल, लेखराज छाबड़ा, भूपेंद्र गोस्वामी, सुनील शर्मा, निशा चौहान, सुमन सती, प्रियंका, अनीता राणा, मुनेश कसाना, सीमा सिंह आदि गणमान्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कांवड़ मार्ग को लेकर डाली गई इंटरवेंशन पर एनजीटी ने दिया कमेटी बनाने का आदेश



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सत्येन्द्र सिंह (पर्यावरणविद), राजेन्द्र त्यागी पूर्व पार्षद एवं विक्रांत तोंगड़ की अधिवक्ता आकाश वशिष्ठ के माध्यम से एनजीटी में कांवड़ मार्ग को लेकर डाली गयी इंटरवेंशन पर एन जी टी द्वारा कमेटी बनाने का आदेश हो गया है। ऊपरी गंगा नहर, जिसे 1854 में बनाया गया था, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के एक बड़े हिस्से की जीवनरेखा है क्योंकि यह क्षेत्र में सिंचाई प्रदान करती है। नहर के बाएं किनारे का उपयोग किया जा रहा है और इसमें 7.5 मीटर चौड़ी सड़क है, जिसका मुख्य रूप से जुलाई और अगस्त के महीनों में कांवड़ यात्रा के दौरान उपयोग किया जाता है। यह सड़क पूरे वर्ष नियमित यातायात के लिए भी उपयोग में लाई जाती है। इस सड़क पर यातायात की मात्रा को ध्यान में रखते हुए चौड़ीकरण आवश्यक है, जिसके लिए राज्य सरकार ने प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं और जिन्हें केंद्रीय सरकार द्वारा एफसी अधिनियम के तहत विचाराधीन किया जा रहा है। इस प्रकार नहर के इस हिस्से में एफसी अधिनियम का कोई उल्लंघन नहीं हुआ है।प्रस्तावित आठ लेन एक्सप्रेसवे की योजना प्रारंभिक चरण में है, जिस पर राज्य सरकार काम कर रही है। बताया गया है कि निविदा आमंत्रित की गई है लेकिन अब तक कोई पेड़ नहीं काटे गए हैं। केवल सीमांकन के लिए खंभों द्वारा सीमा निर्धारण किया गया है, जिससे मौजूदा वनस्पति को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। प्रस्तावित आठ लेन एक्सप्रेसवे के लिए एफसी अधिनियम के तहत कोई अनुमोदन नहीं दिया गया है। राज्य सरकार द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्तुत प्रस्ताव को राज्य सरकार को वापस कर दिया गया है, जिसमें एक समेकित प्रस्ताव पर्यावरण और वन मंत्रालय, नई दिल्ली को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, उत्तर प्रदेश राज्य के मुख्य सचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई अवैध पेड़ की कटाई न हो।

### बाइक सहित लुटेरा गिरफ्तार

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** एक सप्ताह पूर्व कांवड़ मेले के दौरान खिखैड़ा हजारी मार्ग पर गांव बेगमाबाद निवासी एक युवक को तमंचा दिखाकर बाईक व मोबाइल फोन लूटकांड में फरार एक बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, उसके पास से पुलिस ने लूटी गयी बाईक बरामद की है। एसीपी ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि गत दो अगस्त की रात्रि जब गांव बेगमाबाद निवासी राहुल पुत्र अशोक भारती अपनी बाईक से सिखैडा हाजरी के रास्ते लौट रहा था, तभी बाईक सवार दो बदमाशो ने तमंचे के बल पर उसे रोककर मोबाइल फोन व बाईक लूट ली थी, पुलिस ने घटनास्थल के बाद से सीसीटीवी फुटेज व इनपुट के आधार पर एक बदमाश राजन पुत्र ऋषिपाल निवासी सैनिक बिहार मेरठ को गिरफ्तार कर उससे लूटी गयी बाईक बरामद कर ली। लूटकांड में शामिल दूसरा साथी गांव बखरवा निवासी अमित की पुलिस तलाश कर रही हैं।

# वैशाली सेक्टर 5 का एसपीएस बंद होने से वार्ड 89 में सीवर में भरा पानी

## 3 दिन में नहीं चला एसपीएस प्लांट तो दूंगा धरना: राजकुमार भाटी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 89 वैशाली कई कॉलोनियों और मार्केट में इन दिनों सीवरेज और पानी निवासी की व्यवस्था चरमराई हुई है। सीवर की सफाई न होने के कारण जहां गलियों में पानी जमा हो रहा है, वहीं बरसाती पानी की भी निकासी नहीं हो रही है। इससे स्थानीय लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि शिकायत देने के बाद भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। उन्हें दूषित पानी के कारण बीमारी फैलने की आशंका बनी हुई। लोगों ने अधिकारियों से स्थायी समाधान करने की मांग की है। हेम नगर में सीवर और बरसाती पानी हुआ जमा। क्षेत्रीय पार्षद राजकुमार भाटी ने बताया वैशाली सेक्टर पांच स्थित एसपीएस सीवर प्लांट है, जिसकी बिल्डिंग जर्जर हो रही है। बरसात के दौरान कर्मचारी उस को नही चलते है, जिस कारण करंट उतरने का खतरा बना रहता है। उन्होंने बताया जब भी बरसात होती है, तभी प्लांट बंद हो जाता है, जिससे क्षेत्र में सीवर की समस्या भयंकर उत्पन्न हो जाती है। इसकी कई बार शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने बताया एक जनरेटर है, जिसमें बैटरी भी नहीं है, मंगलवार को मौके पर जाकर देखा तो प्लांट का जर्जर भवन हो रहा है जो कभी भी दुर्घटना को न्यौता दे सकता है, उन्होंने कहा जल्द इसकी समस्या दूर नहीं हुई तो प्लांट पर ही दूंगा धरना। जीएम जलकल कामाख्या प्रसाद ने बताया वैशाली सेक्टर 5 स्थित एसपीएस प्लांट की शिकायत मिली है, कर्मचारियों को भेज कर समस्या का समाधान किया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत निकाली गई जागरूकता रैली




**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** 35 यूपी वाहिनी एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल पीके सिंह के आदेशों के अनुक्रम में काकोरी एक्शन की सौवीं वर्षगांठ मनाने के क्रम मे हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत डॉ0 केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स व छात्रों द्वारा कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन एवं कॉलेज के एनसीसी अधिकारी प्रवीण जैनर के नेतृत्व में शहर में हर घर तिरंगा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली विद्यालय से चलकर राष्ट्रीय राजमार्ग होते हुए बस स्टैंड, तरंग रोड, आनंदीपुरा, गुरुद्वारा रोड व आदर्श नगर होते हुए वापस विद्यालय मे सम्पन्न हुई। रैली के दौरान सभी कैडिट हाथों में तिरंगा लिए हुए शहर के लोगों को आजादी की इस पावन बेला पर अपने घरों, प्रतिष्ठानों, सार्वजनिक जगहों, शैक्षिक संस्थानों पर तिरंगा लगाकर देश के प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना को जाग्रत कर स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करने हेतु प्रेरित करते नजर आए। रैली के दौरान एनसीसी कैडिट घर घर में तिरंगा फहरायेंगे, देश भक्ति के गीत गायेंगे, देश प्रेम की अलख जगाएंगे, आजादी का अमृत महोत्सव मनाएंगे। हम सब ने ठाना है गाजियाबाद को तिरंगामय बनाना है आदि स्लोगनस के माध्यम से लोगों को देश भक्ति के प्रति जागरूक करते नजर आए। कॉलेज के प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल ने सभी कैडेट एवं छात्रों को अपने आसपास स्वच्छता रखने व प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत कराते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान भाव रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वाहिनी के सूबेदार मेजर राजेंद्र सिंह, सूबेदार नार दोज थापा, हवलदार संतोष, प्रेम प्रकाश, पवन कौशल, आरके सिंह, शरद कुमार बाजपेई, संजीव चैधरी, सुशील हरित, चेतन शर्मा, यस शर्मा, कार्तिक, वैभव, लक्ष्य, शिवांशु, आशु आदि का सहयोग रहा।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।। बुधवार 14 अगस्त-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







# सावन के महीने में लगा दी मेयर ने आग

# सभी वार्डों को दे दी एक-एक करोड़ रुपए के विकास की सौगात

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दैनिक करंट क्राइम ने प्रकाशित किया था कि मेयर और नगर आयुक्त के विवाद का असर विकास पर पड़ेगा। ये बताया था कि अवस्थापना निधि के खाते से काम होने हैं। कुछ प्रस्ताव तैयार हो चुके हैं उन पर मुहर लगनी है और अगर ये विवाद शांत नहीं होता है तो इसका असर विकास पर पड़ेगा। खबर प्रकाशित होने के अगले ही दिन मेयर ने अधिकारियों के पाले से गेंद ले ली और उन्होंने सावन के महीने में अपने ऐलान से आग लगा दी। मेयर ने 100 करोड़ के विकास कार्यों की घोषणा कर दी। एक अरब रुपए के काम नगर निगम की सीमा में आने वाले गली मौहल्लों में होंगे। मेयर ने सभी वार्डों को एक-एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। सबसे खास बात ये है कि मेयर ने ये कदम ऐसे समय में उठाया है कि जब अधिकारों को लेकर मेयर और नगर आयुक्त के बीच जंग छिडी हुई है और इस जंग में विकास का रंग आ गया है। मेयर ने सभी वार्डों में एक-एक करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है।



### मेयर ने कहा सभी पार्षद 50 लाख के कामों की बना वालें मेरी संस्तुति के साथ पत्रावली

करंट क्राइम। जिस पत्रावली को लेकर नगर निगम में जंग शुरू हुई। उसी पत्रावली को मेयर ने अपने पत्र में स्थान दिया। उन्होंने संदेश दिया कि पत्रावली देखी भी जा सकती है और पत्रावली हम तैयार भी करा सकते हैं। मेयर सुनीता दयाल ने पार्षदों को सूचना भेजी कि सभी पार्षद अपने अपने 50-50 लाख के कार्यों को पत्र पर मेरी संस्तुति के साथ पत्रावली बनवा लें। जिससे कि निविदा प्रक्रिया जल्द हो सके और उसके साथ ही बचे 50-50 लाख के कामों की पत्रावली भी तैयार करा लें।

### एक करोड़ के कामों को लेकर बोली मेयर किसी अधिकारी पर अचानक ना हो पाये प्रेशर

करंट क्राइम। अधिकारों की जंग है और नगर निगम में पूरा रंग आ रहा है। मेयर ने बड़ा ऐलान किया और उन्होंने नगर निगम की मुखिया वाला अंदाज दिखाया और उन्होंने सभी दलों के पार्षदों के वार्डों के लिए एक-एक करोड़ रुपए देने का ऐलान किया। सबसे खास बात ये है कि मेयर ने कहा कि एक करोड़ का काम होगा लेकिन ये दो किश्तों में होगा। मेयर ने कहा कि एक करोड़ के कार्य दो बार में पूरे किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि यह इसलिए है जिससे कम समय में सभी कार्य निविदा में लग सकें और किसी अधिकारी पर अचानक प्रेशर ना हो पाये।

### इन्दिरापुरम के सभी वार्डों में भी होंगे एक-एक करोड़ का विकास

करंट क्राइम। इन्दिरापुरम के पार्षदों की ये शिकायत रही है कि वो चुने तो नगर निगम से जाते हैं लेकिन उनके विकास की चाबी जीडीए के पास है लेकिन अब ऐसा लग रहा है कि इस ताले को मेयर ने खोल दिया है। मेयर सुनीता दयाल ने ये ऐलान किया है कि इन्दिरापुरम के सभी पार्षदों के वार्डों में भी नगर निगम विकास करेगा। मेयर ने निर्देश दिये कि पूरे इन्दिरापुरूम क्षेत्र का प्रशासन और विकास करने हेतु हम स्वीकार करने जा रहे हैं। ऐसे में उस क्षेत्र के सभी वार्डों के सभी कार्य नगर निगम द्वारा ही कराये जाने हैं। मेयर ने इन्दिरापुरम के पार्षदों को भी कहा है कि वो अपने 50 लाख तक के विकास कार्यों के प्रस्ताव देकर उनकी पत्रावली तत्काल बनवा लें जिससे टेंडर प्रक्रिया की जा सके और इसके अलावा 50 लाख के अन्य कार्यों को भी सूचीबद्ध कर पत्रावली तैयार करवायें। गौरतलब है कि बीते दिनों मेरठ मंडलायुक्त के यहां हुई जीडीए की अध्यक्ष और मण्डलायुक्त ने नगर आयुक्त और जीडीए वीसी को निर्देश दिये थे कि हैंडओवर से सम्बन्धित प्रस्ताव 15 दिन के अंदर सौंप दें और उसी का असर है कि मेयर ने इन्दिरापुरम के आठ वार्डों को लेकर आठ करोड़ रुपए के विकास कार्यों का ऐलान किया।

### मेयर बोलीं हम सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में विकास करने के लिए ही चुने गये हैं

करंट क्राइम। नगर आयुक्त और मेयर के बीच छिडी जंग ने विकास का प्रवाह खोल दिया है और जब मेयर ने एक एक करोड़ के विकास कार्यों की सौगात हर वार्ड को दी तो उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के बाद नगर निगम के सदन की कोई बैठक नहीं हुई है जिसके चलते पार्षद अपने अपने वार्डों में विकास कार्यों को लेकर चिंतित है। मेयर ने कहा हम सभी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में विकास करने के लिए ही चुने गये हैं। यह हम सबका कर्तव्य ही नहीं बल्कि दायित्व भी है जनता को सुविधा प्रदान करें। हम सभी विकास कार्यों की सौगात देकर किसी पर एहसान नहीं कर रहे हैं। यह जनता का अधिकार है और इस पर खरा उतरना हमारी जिम्मेदारी है।

# तिरंगी थीम में सजाए गए पुलिस कमिश्नरेट

## गाजियाबाद के थाने और पुलिस अधिकारियों के कार्यालय

### कहीं लहराए गए तिरंगे, तो कहीं पर सजावट से बनाई गई राष्ट्रीय ध्वज की थीम


कवि नगर थाना


साहिबाबाद थाना


थाना सिहानी गेट



मसूरी थाना



लिंक रोड थाना


**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** देश जहां आजादी की यादों को ताजा करने का काम कर रहा है। तो हर-घर तिरंगा अभियान और पुलिस के कार्यालय से लेकर थाने, पुलिस लाइन और वरिष्ठ अधिकारियों के कार्यालय तिरंगी थीम में सजाए जा रहे हैं। 15 अगस्त यानी स्वतंत्रता दिवस की सजावट के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैयारियां जोरों पर शुरू हो गई हैं। सुरक्षा के साथ ही अन्य तैयारी भी की जा रही हैं। सिटी जोन के अंतर्गत आने वाले कवि नगर और सिहानी गेट थाने को बेहतर अंदाज में सजाया गया है। तो वहीं देहात जोन के अंतर्गत आने वाले क्रॉसिंग रिपब्लिक और हाइवे पर बने मसूरी थाने को भी तिरंगी लाइटों की थीम से ऐसा सजाया की लोग दूर से देखकर आकर्षित हो रहे हैं।

### साहिबाबाद और लिंक रोड थाने की भी अलग है सजावट

करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले साहिबाबाद थाने में भी तिरंगी थीम पर सजावट की गई है। जो दूर से ही नजर आ रही है। वही लिंक रोड थाने में वायु सेवा के विमानों को तिरंगी थीम पर प्रदर्शित किया गया है। यहा इंडिया भी लिखा गया है। यहां तीन रंगों के जरिए स्वतंत्रता की आजादी का जश्न भी मनाया जा रहा है। इसमें खास बात यह है कि थाने में की गई सजावट में अंडर ट्रेनिंग उप निरीक्षकों ने भी योगदान दिया है। जिसमें महिला और पुरुष दोनों शामिल हैं। थानाध्यक्ष प्रीति की देखरेख में यहा पूरा कार्यक्रम हो रहा है।


लिंक रोड थाना

### एडिशनल सीपी और एसीपी कार्यालय भी हुए रोशनी से जगमग

करंट क्राइम :पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस ऑफिस राजनगर जहां पर एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी और कल्पना सक्सेना का कार्यालय है, उसको भी तिरंगी थीम पर सजाया गया है। यहां तीन रंग वाली झालर लगाई गई हैं। जो 15 अगस्त की थीम पर हैं। तो वहीं एसीपी कवि नगर, नंदग्राम और कोतवाली के कार्यालय को भी तिरंगे थीम पर आकर्षक बनाने का काम किया गया है। इसके साथ ही डीसीपी सिटी कार्यालय और पुलिस लाइन में भी सजावट की गई है।


पुलिस ऑफिस

### कमिश्नरेट में बदले गए दो कोतवाल

## सचिन को मिला सिहानी गेट रवेंद्र बने इंदिरापुरम प्रभारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत दो निरीक्षक स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया गया है। जिसके तहत सिहानी गेट थाने के प्रभारी रवेंद्र गौतम को थाना प्रभारी इंदिरापुरम बनाया गया है। बता दें कि सोमवार को ही इंदिरापुरम थाना प्रभारी जितेंद्र दिखित को सस्पेंड किया गया था।

बताया जा रहा है रवेंद्र गौतम ने बीते दिनों कांवड़ यात्रा के दौरान दो किन्नरों की जान बचाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वह भीड़ से दोनों को बचाकर लाए थे और इस दौरान खद भी चोटिल हो गए थे। वहीं उनकी गुड वर्किंग और अधिकारियों से बेहतर तालमेल उनको नदियापार की पोस्टिंग मिल पाई है। इसी के साथ एसीपी कवि नगर कार्यालय में कार्यरत 2011 बैच के निरीक्षक सचिन कुमार बालियान को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिहानी गेट थाने का प्रभारी बनाया गया है। वह इससे पहले गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना प्रभारी भी रह चुके हैं।

उनकी एक्टिव पुलिसिंग के लिए पूर्व में पहचान रही है और यही वजह है कि उनको साइड लाइंस से हटाकर पोस्टिंग का चांस दिया गया है। दोनों ही थाना प्रभारियों ने मंगलवार को चार्ज ले लिया है और कानून व्यवस्था की स्थिति और तिरंगा यात्रा आयोजन में ड्यूटी पर देखे गए।


सचिन कुमार


रवेंद्र गौतम

# नहीं खत्म होगा मेयर-नगर आयुक्त का विवाद और सीन रहेगा अशांत

# सांसद और विधायक भी नहीं करा पायेंगे अभी माहौल को शांत!

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जिस नगर निगम में भाजपा का कब्जा है उस नगर निगम में भाजपा की सरकार में मेयर और नगर आयुक्त के बीच अधिकारों को लेकर विवाद छिड़ गया। नगर आयुक्त ने अपने अधीनस्थों को निर्देश दिये कि कोई भी पत्रावली किसी भी पार्षद या मेयर के रिश्तेदार को नहीं दी जायेगी और जब ये लैटर बाहर आया तो बवाल हो गया। मेयर सुनीता दयाल ने इस लैटर पर कड़ा विरोध दर्ज कराया और इसी के साथ नगर निगम में चल रही कोल्ड वॉर बाहर आ गई। पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने कहा कि मेयर और नगर आयुक्त के बीच यह विवाद उचित नहीं है।

पांच बार के पार्षद राजेन्द्र त्यागी ने कहा कि यह विवाद ठीक नहीं है इससे संदेश ठीक नहीं जाता है। लेकिन निगम के सूत्र बता रहे हैं कि अभी सारे प्रयास विफल होंगे और ये विवाद अभी शांत नहीं होगा। इसके पीछे की वजह भी ये बताई जा रही है कि केवल अधिकारी से विवाद हो तो देखा जाये यहां तो इंटरनली ट्यूनिंग ऐरर है और भाजपा के ही जानकार ये बता रहे हैं कि फिलहाल इस विवाद के खत्म होने के कोई आसार नहीं है। वो यहां तक दावा कर रहे हैं कि मेयर के तेवर अभी शांत नहीं है। वो पत्रावली वाले लैटर में नाराज हैं और इधर नगर निगम के अधिकारी भी अपनी बात पर कायम हैं। वो एज पर रूल की बात कर रहे हैं और अब ये देखना है कि मामले को तूल किसने दिया।

बहरहाल निगम का पारा अभी हाई है और किसी समझौते की कोई गुंजाईश नहीं दिखाई दे रही है। सूत्र बता रहे हैं कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से लेकर कैबिनेट मंत्री साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप और एमएलसी दिनेश गोयल भी इस विवाद को शांत नहीं करा पायेंगे।

उसकी बड़ी वजह यह है कि ये सभी मिलकर किसी भी मुद्दे पर कितना भी फेवर कर लें लेकिन मेयर के तेवर अभी शांत नहीं है वो लगातार मोर्चो खोल रही है और चर्चा ये है कि इसकी सबसे बड़ी वजह ये है कि विवाद तब शांत होता है जब संवाद की स्थिति आती है और अभी संवाद वाली स्थिति में नगर निगम वाले दिखाई नहीं दे रहे।



### अगर जनरल करते इंटरफेयर तो शायद मान जातीं मेयर

करंट क्राइम। भगवागढ के सियासी गलियारों में एक सवाल गूंज रहा है कि क्या मेयर सुनीता दयाल तब मान जातीं अगर यहां जनरल वीके सिंह सांसद होते। भगवा गलियारों में जनरल होते तो ये विवाद समाप्त हो जाता। वो इंटरफेयर करते तो मेयर मान जातीं। इसकी वजह उनका सियासी दखल नहीं बल्कि मुद्दों को सुलझाने की उनकी पहल बतायी जाती है। जनरल देश की सबसे बड़ी सेना के अधिकारी रहे हैं लिहाजा वो जिले के अधिकारियों से कनैक्टिविटी उस स्तर पर बनाते हैं जिस स्तर पर कनैक्टिविटी बननी चाहिए और यही चर्चा है कि चूंकि अब जनरल पूर्व सांसद हैं और पूर्व होते ही कई चीजें भूतपूर्व हो जाती है। यह राजनीति का तकाजा है। जब जनरल अपने स्तर पर निगम अधिकारियों को फोन मिलाते और उन्हें भी समझाते तो बातें सहज भाव से सुलझ जातीं। लेकिन अंदरखाने सहमति की गुंजाईश अब दिख नहीं रही।

### अगर होते भाजपाई एकजुट तो ये दिन ही नहीं आता

करंट क्राइम। जनता ने गाजियाबाद में भाजपा को जनादेश दिया। विधानसभा में देश की सबसे बड़ी जीत साहिबाबाद से मिली। विधानसभा की सारी सीटों पर टिकट रिपीट हुए और भाजपा चुनाव जीत गई। मेयर चुनाव में भाजपा जीती और पार्षदों के चुनाव में वो पिछली बार के मुकाबले 10 सीटें ज्यादा जीतकर आई और कई पार्षद चुनाव जीतने के बाद भाजपाई हो गये। लोकसभा में टिकट कटने के बाद भी उम्मीदवार बदले जाने के बाद भी यहां भाजपा को देश के प्रधानमंत्री से ज्यादा वोट मिले और देश के रक्षामंत्री से ज्यादा वोट मिले और मार्जिन भी रहा। लेकिन यहां पर भाजपाईयों की आपसी फूट ही अफसरशाही को हावी करती है। ये कोई पहला मौका नहीं है। इससे पहले एमएलसी दिनेश गोयल ने अपनी पार्टी के विधायकों को लेकर एक विस्फोटक पत्र लिख दिया था। उसके बाद दिशा की बैठक से लेकर कलेक्ट्रेट के सभागार तक दूरियों का चर्चा कई बार सुनाई दिया। सांसद और विधायकों के बीच ट्यूनिंग ऐरर एक बार नहीं कई बार दिखाई दिया। हाल ही में जब पुलिस ने निगम पार्षद को जेल भेजा तो यहां पार्षद संघर्ष करते रहे और विधायक टोला देखता रहा। हालांकि बाद में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इस मामले को सुलझाया। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर का पुलिस अधिकारी के साथ विवाद चर्चा में रहा। नगर निगम में हाऊसटैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर निगम अधिकारी एक तरफ और पार्षद मेयर एक तरफ आ गये। पोलिथीन के विवाद को लेकर चलान का सीन हुआ और विरोध में पार्षद एक तरफ खडे दिखे। निगम निगम पर जब बुल्डोजर पहुंचा तो यहां कार्यवाही के विरोध में भाजपा वालों ने मोर्चा खोला। ऐसे में ये चर्चा आम है कि भाजपा वाले अपनी सरकार में अफशरशाही से लड रहे हैं और उससे ज्यादा वो आपस में लड़ रहे हैं। एक पक्ष मोर्चा खोलता है तो दूसरे भाजपाई बैठकर तमाशा देखते हैं। भाजपाई मूद्दों में एक जुट होने के बजाय आपस में बटें हुए है। कहने वाल कह रहे हैं कि अगर भाजपाईयों में टयूनिंग होते तो सीन निशब्द वाला होता। यहां ऐका होता तो लखनऊ से फोन आता। लेकिन यहां तो इंटरनल टयूनिंग ऐरर इतना जबरदस्त है कि सब बाहर से एक दिखाई दे रहे हैं कि लेकिन अंदर से वो एक दूसरे का तमाशा देखने का बेकरार हैं।

## संपादकीय

# शांति बनाए रखें

बांग्लादेश में मची उथल-पुथल का कुछ प्रभाव भारत पर पड़ना अस्वाभाविक नहीं माना जाएगा, लेकिन इस प्रभाव के चलते यहां भी कुछ इलाकों में लोगों पर भीड़ के हमले होने लगें, यह बात स्वाभाविक नहीं कही जाएगी। बांग्लादेश में हो रहे हमलों की चौतरफा निंदा हो रही है। वहां की अंतरिम सरकार को जल्द से जल्द हालात काबू में करने की जरूरत है।
बांग्लादेश में पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद जिस तरह से वहां अल्पसंख्यक हिंदुओं को निशाना बनाने की खबरें आईं, उससे भारत में बेचैनी स्वाभाविक थी। हालांकि इसमें दुष्प्रचार का तत्व भी था। कहा गया कि सोशल मीडिया पर पुराने विडियो और फेक तस्वीरों के जरिए हमलों की बातें बढ़ा-चढ़ाकर फैलाई जा रही हैं। मगर इसमें दो राय नहीं कि वहां हमले हुए, जिन पर काबू पाने की कोशिश वहां का प्रशासन कर रहा है।
जब भी कोई समाज या देश किसी बड़े बदलाव या अनिश्चितता से गुजरता है, तो असामाजिक तत्व उस स्थिति का बेजा फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। पड़ोसी बांग्लादेश आजकल जिस तरह के हालात से गुजर रहा है, उसमें भारत की सरकार ही नहीं, लोग भी उससे सहानुभूति रखते हैं। भारत इन चुनौतियों से निपटने में बांग्लादेश की हरसंभव मदद करने को भी तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं ने भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है।
इस बीच ओडिशा के कुछ जिलों में बांग्लाभाषी लोगों को निशाना बनाने की खबरें चिंताजनक हैं। हालांकि हिंसा की कोई बड़ी घटना नहीं हुई है, लेकिन कई ऐसे विडियो सामने आए हैं जिनमें कुछ लोग बांग्ला भाषियों को बांग्लादेशी कहते हुए उन्हें परेशान करते देखे गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से बात करके इन घटनाओं पर ध्यान देने का अनुरोध भी किया है।
यह समझना होगा कि बांग्लादेश एक अलग मुल्क है, जहां की कानून व्यवस्था पूरी तरह से उसका आंतरिक मामला है। उसे ठीक रखने का काम वहां की सरकार और प्रशासन का है। लेकिन उसे मुद्दा बनाकर देश के अंदर कानून व्यवस्था की स्थिति बिगाड़ने की कोई भी जानी-अनजानी कोशिश खतरनाक हो सकती है।
पश्चिम बंगाल के लोग देश के अलग-अलग हिस्सों में रहते हैं। बांग्ला बोलने वालों के खिलाफ इस तरह की कोई भी मुहिम उनके मन में असुरक्षा की भावना बढ़ा सकती है। अगर किसी इलाके में अवैध बांग्लादेशी भी रहते हों तो उनके खिलाफ कानून सम्मत कार्रवाई करने का अधिकार और दायित्व प्रशासन का है। अगर असामाजिक तत्वों का कोई हिस्सा अपनी तरफ से ऐसी कोशिश करता है तो उसे तत्काल और सख्ती से रोका जाना चाहिए।

# विश्व के चौथे सबसे बड़े रिफाइनर के तौर पर ऊर्जा में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा भारत : पेट्रोलियम मंत्री



**नई दिल्ली।** भारत मौजूदा समय में विश्व का चौथा सबसे बड़ा रिफाइनर है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की तरफ बढ़ रहा है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को ये बात कही। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि देश में ऊर्जा की मांग 2050 तक दोगुनी होने की संभावना है। हमारा सारा ध्यान देश के मौजूदा एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने पर है। इस मिशन के लिए मंत्रालय की ओर से ओएनजीसी और ऑयल इंडिया लिमिटेड के नामांकित क्षेत्रों से नए कुओं या कुओं से उत्पादित गैस के आवंटन को 20 प्रतिशत प्रीमियम (नई गैस के लिए भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य का कुल 12 प्रतिशत) पर नोटिफाइड किया गया है जबकि, पेट्रोलियम प्लानिंग और एनालिसिस सेल (पीपीएसी) द्वारा मासिक आधार पर घोषित प्रशासित मूल्य तंत्र (एपीएम) भारतीय क्रूड बास्केट मूल्य का 10 प्रतिशत तय किया गया है। केंद्रीय मंत्री की ओर से कहा गया कि इससे कंपनियों को ऐसे नए गैस प्रोजेक्ट को विकसित करने में और चलाने में सफलता मिलेगी, जहां से गैस निकलना कठिन होता है और अधिक मात्रा में कैपिटल और टेक्नोलॉजी की आवश्यकता होती है। आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य की तरफ बढ़ते हुए देश ने रिकॉर्ड गैस उत्पादन दर्ज किया है। उन्होंने आगे कहा कि भारत का गैस उत्पादन वित्त वर्ष 24 में 36.43 बिलियन क्यूबिक फीट (बीसीएम) रहा, जो कि वित्त वर्ष 21 में 28.7 बीसीएम था। वित्त वर्ष 26 तक देश का गैस उत्पादन 45.3 बीसीएम पहुंच सकता है। देश में बढ़ती हुई ऊर्जा की मांग को देखते हुए सरकार का फोकस कच्चे तेल और गैस की खोज को बढ़ाना भी है। देश में जून में 5,594 मिलियन मीट्रिक स्टैंडर्ड क्यूबिक मीटर (एमएमएससीएम) गैस की खपत हुई थी। सरकार के मुताबिक, ग्रीन ऊर्जा की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए गैस कंपनियां भी अपने नेटवर्क को बढ़ा रही है। देश में जून में पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल की मांग 2.6 प्रतिशत बढ़कर 20 मिलियन मीट्रिक टन हो गई है।

# भारत में ग्रीन ऑफिस का बढ़ रहा है चलन, कार्बन उत्सर्जन कम करने में मिलेगी मदद



**बेंगलुरु।** देश में ग्रीन ऑफिस की मांग तेजी से बढ़ रही है। कंपनियों ने अप्रैल-जून की अवधि के बीच देश के शीर्ष छह शहरों में 13 मिलियन स्क्वायर फीट ऑफिस स्पेस ग्रीन सर्टिफिकेट प्राप्त कर चुकी बिल्डिंग में लिया है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। कोलियर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि ग्रीन ऑफिस स्पेस लीज में सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की बढ़त देखी गई है और यह बीती तिमाही में लीज पर लिए गए कुल ऑफिस स्पेस में से 82 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व करता है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि आने वाली ऑफिस स्पेस की आपूर्ति भी ग्रीन सर्टिफाइड होने की उम्मीद है। अगले दो से तीन वर्षों में ग्रीन ऑफिस स्पेस स्टॉक बढ़कर 600 मिलियन स्क्वायर फीट हो सकता है। कोलियर्स इंडिया के ऑफिस स्पेस के मैनेजिंग डायरेक्टर अर्पित मेहरोत्रा ने कहा कि यह दिखाता है कि ऑफिस स्पेस लेने वाली कंपनियां स्थिरता के लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध हैं और इससे देश को भी टिकाऊपन का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी। 2023 से इंजीनियरिंग, मैन्युफैक्चरिंग, टेक्नोलॉजी और बीएफएसआई कंपनियों की ओर से लिया जाने वाला 70 से 80 प्रतिशत ऑफिस स्पेस ग्रीन सर्टिफाइड बिल्डिंग में है। ग्रीन ऑफिस स्पेस में बेंगलुरु और मुंबई सबसे आगे है। 2024 की दूसरी तिमाही में लीज पर लिए गए कुल ऑफिस स्पेस में इन दोनों शहरों की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 13 मिलियन स्क्वायर फीट ग्रीन ऑफिस स्पेस में से 60 प्रतिशत नई ऑफिस स्पेस नई बिल्डिंगों में है, जो कि बीते 5 वर्षों में तैयार हुई है। भारतीय बाजार में लीड, गृह और वेल तीन बिल्डिंग सर्टिफिकेट हैं। ये सर्टिफिकेट किसी बिल्डिंग की ऊर्जा खपत, डिजाइन और कचरा पैदा करने के तरीके आदि को देखकर दिए जाते हैं। पिछले कई तिमाही से डेवलपर, इन्वेस्टर और ग्राहकों का सारा ध्यान ग्रीन ऑफिस स्पेस बढ़ाने पर है।

# भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला, आईटी और एनर्जी शेयरों में तेजी



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार की शुरूआत मंगलवार को सपाट हुई। बाजार के ज्यादातर सूचकांक एक सीमित दायरे में कारोबार कर रहे हैं। सुबह 9:21 पर सेंसेक्स 114 अंक या 0.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,571 और निफ्टी 21 अंक या 0.9 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,325 पर था। बाजार का रुझान सकारात्मक नजर आ रहा है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर 1162 शेयर हरे निशान में और 910 शेयर लाल निशान में थे। लार्ज कैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में खरीदारी का ट्रेंड देखा जा रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 235 अंक या 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,592 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 63 अंक या 0.35 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,484 पर है। बाजार के जानकारों का कहना है कि हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को निवेशकों ने सिरे से खारिज कर दिया है। बाजार में लचीलापन बना हुआ है, जो दिखाता है कि निवेशकों का भरोसा बना हुआ है और गिरावट पर खरीदारी की रणनीति लगातार काम कर रही है। वहीं जुलाई में खुदरा महंगाई का गिरकर 3.54 प्रतिशत पर आना सकारात्मक है। सेंसेक्स में भारती एयरटेल, सन फार्मा, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएस, एक्सिस बैंक, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी, एनटीपीसी और नेस्ले इंडिया टॉप गेनर्स हैं। एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, एचयूएल, बजाज फिनसर्व, टाइटन टॉप लूजर्स हैं। एशिया के बाजारों में मिलाजुला असर देखने को मिला है। टोक्यो, हांगकांग और जकार्ता के बाजारों में तेजी है। बैंकॉक और शंघाई के बाजार लाल निशान में हैं। अमेरिकी बाजार सोमवार को मिलेजुले बंद हुए थे। प्रभुदास लीलाधर में टेक्निकल रिसर्च की उपाध्यक्ष वैशाली पारेख ने कहा कि निफ्टी 3 से 4 सत्रों में 24,300 से लेकर 24,400 के जोन में घूम रहा है। 24,400 एक अहम जोन अगर निफ्टी इसके ऊपर निकलता है तो 24,700 तक जा सकता है। वहीं, 24,000 एक अहम सपोर्ट बना हुआ है।

# सोना बेचने वाली कंपनी के शेयरों का भाव 10% चढ़ा, 1 साल में पैसा डबल



**नई दिल्ली।** लीडिंग ज्वेलरी बनाने वाली कंपनी सेनको गोल्ड के शेयरों की कीमतों में आज तेजी देखने को मिली है। कंपनी के शेयरों का भाव आज 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी के साथ 1139.95 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। सेनको गोल्ड के शेयर 2.30 बजे 1111 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहा था। कंपनी के शेयर 52 वीक हाई 1176.80 रुपये के बेहद करीब पहुंच गए थे। बता दें, कंपनी का 52 वीक लो लेवल 380.25 रुपये है।

### कंपनी ने पहली तिमाही में किया शानदार प्रदर्शन

जून क्वार्टर में कंपनी का प्रदर्शन शानदार रहा है। अप्रैल से जून के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 51 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 28 करोड़ रुपये था। सालाना आधार पर देखें तो कंपनी के नेट प्रॉफिट में 82 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

### कंपनी का EBITDA बढ़ा

कंपनी के रेवन्यू में 7.5 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। इस दौरान कंपनी का रेवन्यू 1403.89 करोड़ रुपये का रहा है। कंपनी के रिटेल सेल्स में 9.6 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है। बता दें, कंपनी का EBITDA सालाना आधार पर 61.82 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का फोकस स्वतंत्रता दिवस, रक्षाबंधन, तीज, दुर्गा पूजा, नवरात्रि, धनतेरस, दिल्ली और शादियों के सीजन पर है।

### शेयर बाजार में कंपनी का प्रदर्शन कैसा?

पिछले एक साल के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 180 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, बीते 6 महीने के दौरान सेनको गोल्ड के स्टॉक का भाव 44 प्रतिशत बढ़ा है। निवेशकों के नजरिए से अच्छी बात यह है कि बीते एक महीने में स्टॉक 15 प्रतिशत चढ़ा है।

## राशिफल

**मेष :** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। गृहिणियां विशेष सावधानी रखें।
**वृष :** अविवाहितों के लिए वैवाहिक प्रस्ताव आ सकता है। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी।
**मिथुन :** स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शत्रुता में वृद्धि हो सकती है। भूमि व भवन के खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। बड़ा लाभ के योग हैं।
**कर्क :** धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा।
**सिंह :** पुराने शत्रु सक्रिय रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है, धैर्य रखें।
**कन्या :** परिवार के छोटे सदस्यों के अध्ययन तथा स्वास्थ्य संबंधी चिंता रहेगी। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। लापरवाही न करें। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होगी।
**तुला :** थकान महसूस होगी। शारीरिक आराम की आवश्यकता रहेगी। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।
**वृश्चिक :** शरीर साथ नहीं देगा। स्वास?थ्य का ध्यान रखें। उत्साह बढ़ेगा। कार्य की बाधा दूर होकर स्थिति लाभप्रद रहेगी।
**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। पुराना रोग उभर सकता है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षाएं बढ़ेगी।
**मकर :** कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास मनोनुकूल रहेंगे।
**कुंभ :** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता प्रभावित होगी। योजना में परिवर्तन हो सकता है। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।
**मीन :** अनहोनी की आशंका रहेगी। पूजा-पाठ में मन लगेगा। किसी धार्मिक आयोजन में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा।

## चुटकुले

एक दिन पप्पू जूस वाले की दुकान पर गया...!
पप्पू – जल्दी से जूस पिला दो, लड़ाई होने वाली है...!
एक गिलास जूस पीने के बाद पप्पू –
एक और पिला दो, लड़ाई होने वाली है...!
जूस वाले ने पांच-सात गिलास जूस पिला दिया
और पूछा – भाई ये बताओ लड़ाई
कब होने वाली है...?
पप्पू – जब तू पैसे मांगेगा...!

---

पड़ोसी – यार, तेरे घर से रोज हंसी
की आवाज आती है...!
इस खुशहाल जिंदगी का क्या राज है...?
आदमी – मेरी बीवी मुझे जूतों से मारती है, लग जाए
तो वो हंसती है और ना लगे तो मैं हंसता हूं...!

---

दोस्त – भाई तू कल बड़ा दुखी था...!
पप्पू – हां यार, कल बीवी 25,000 की
साड़ी ले आई...!
दोस्त – फिर आज खुश क्यों हो...?
पप्पू – आज वो तेरी बीवी को दिखाने गई है...!

## रोचक तथ्यों का करंट

- पृथ्वी आकार में पांचवां सबसे बड़ा ग्रह है।
- आकार और बनावट में पृथ्वी शुक्र की तरह है।
- पृथ्वी सौरमण्डल का एकमात्र ऐसा ग्रह है जिस पर जीवन है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर घूर्णन करती है जिससे पृथ्वी पर दिन और रात बनते है।
- पृथ्वी अपने अक्ष पर कुछ झुकी हुई है जिसकी वजह से ऋतु परिवर्तन होता है।
- पृथ्वी की 3 परतें हैं।
- पृथ्वी तक सूर्य प्रकाश का पहुंचने में 8 मिनट 18 सेकण्ड का समय लेता है।
- पृथ्वी का समुद्र तल से अधिकतम ऊँचा उठा हुआ भाग 15000 मीटर तक हो सकता है इससे अधिक नहीं। इसकी वजह पृथ्वी की गुरूत्वाकर्षण शक्ति है।
- पृथ्वी का एकमात्र उपग्रह चन्द्रमा है,जो कभी इसी का ही भाग था ।
- आज से 450 करोड़ साल पहले, सूर्य मंडल में मंगल के आकार का एक ग्रह था जो कि पृथ्वी के साथ एक ही ग्रहपथ पर सूर्य की परिक्रमा करता था ।मगर यह ग्रह किसी कारण धरती से टकराया और एक तो धरती मुड़ गई और दूसरा इस टक्कर के फलस्वरूप जो पृथ्वी का हिस्सा अलग हुआ उससे चाँद बन गया ।




दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सिविल डिफेंस ने निकाली तिरंगा स्कूटी बाइक रैली







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** इंद्र विक्रम सिंह जिलाधिकारी/नियंत्रक नागरिक सुरक्षा महोदय गाजियाबाद के निदेशानुसार विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सिविल डिफेंस गाजियाबाद के डिप्टी कंट्रोलर श्री रविन्द्र प्रताप जी और चीफ वार्डन श्री ललित जायसवाल जी के नेतृत्व में सम्मानित वार्डन बंधुओं द्वारा हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत एक तिरंगा स्कूटी बाइक रैली मंगलवार को कवि नगर राम लीला मैदान से निकली गई।

मुख्य अतिथि अतुल गर्ग माननीय सांसद और विशिष्ट अतिथि अभिनव गोपाल आई ए एस मुख्य विकास अधिकारी द्वारा झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली में 100 से अधिक स्कूटी और बाइक पर तिरंगा झंडा लगा कर सिविल डिफेंस गाजियाबाद के वार्डन राम लीला मैदान कवि नगर से हापुड़ रोड होते हुए ठाकुर द्वारा तिराहे पर शहीद चंद्रशेखर जी की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए घंटाघर पर शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर पुष्पांजलि करते हुए अंबेडकर रोड से होली चाइल्ड चौराहा से फ्लाई ओवर से होते हुए वापिस कवि नगर रामलीला मैदान पर समाप्त की। इस अवसर पर ललित जायसवाल चीफ वार्डन, राजेंद्र मित्तल प्रतिनिधि सांसद, ए डी सी गुलाम नबी, अनिल अग्रवाल प्रभारी डिप्टी चीफ वार्डन, राजेंद्र शर्मा डिविजनल वार्डन टाउन हॉल, ए के ठाकुर प्रभारी डिविजनल वार्डन राजेंद्र नगर, सुधीर कुमार प्रभारी डिविजनल वार्डन कलेक्ट्रेट, अशोक कुमार, नवनीत कुमार, दिवांशु सिंघल, संध्या त्यागी, हर्ष वर्मा, शशीकांत भारद्वाज,सुनील गर्ग, राजन गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, वी के शर्मा, हर्षनाथ झा आदि अनेकों वार्डन ने सहयोग कर के रैली को सफल बनाया।

# तलाक की अफवाहों के बीच अभिषेक बच्चन ने किया खास पोस्ट, कमेंट सेक्शन पर टिकीं निगाहें

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन इन दिनों काम से ज्यादा अपनी निजी जिंदगी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय के अलग-अलग शिरकत करने के बाद से ही उनकी शादी में परेशानी की खबरें आ रही हैं। अब, अभिषेक ने पेरिस ओलंपिक 2024 में अपने अनुभव पर एक विशेष पोस्ट साझा की है। हालांकि, जूनियर बच्चन ने कमेंट सेक्शन बंद कर दिया है, जिसने नेटिजनस को सोचने पर मजबूर कर दिया है।

अभिषेक बच्चन ने मंगलवार को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पेरिस ओलंपिक 2024 से जुड़ा एक वीडियो साझा किया। साथ ही अपने अनुभव को शेयर करते हुए बताया कि भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को एक्शन में देखना सोने पर सुहागा था। उन्होंने अपनी यात्रा की झलक पेश की, जिसमें स्टेडियम में



भारतीय ध्वज थामे हुए, विजयी थ्रो के बाद नीरज चोपड़ा को गले लगाते हुए और एफिल टॉवर के कुछ विशेष शॉट्स और खेल के मुख्य आकर्षण की तस्वीरें शामिल थीं।

वीडियो शेयर करते हुए अभिषेक ने कैप्शन में लिखा, 'ओमेगा के अपने दोस्तों के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 देखना अद्भुत था। हमने लगभग 18 वर्षों तक एक साथ काम किया है और विस्तार और टाइमकीपिंग पर उनके ध्यान ने मुझे हमेशा आश्चर्यचकित किया है।' अभिषेक ने आगे जोड़ा, 'पूरे शहर में और विशेषकर स्टेडियमों में ऊर्जा स्पष्ट थी और फिर हमारे अपने नीरज चोपड़ा को देखने का सम्मान पाना सोने पर सुहागा था। स्टेडियम में अपने प्यारे तिरंगे को देखना बहुत गर्व का क्षण था!!! ऐसा लगा...स्वर्ग।'

### कमेंट सेक्शन पर टिकीं हर किसी की निगाहें

हालांकि, जिस चीज ने सभी का ध्यान खींचा वह यह है कि अभिनेता ने इस पोस्ट के कमेंट सेक्शन को बंद कर दिया है। अभिनेता और ऐश्वर्या राय की निजी जिंदगी के बीच चल रही खटपट की अफवाहों के बीच ऐसा करना नेटिजन्स का खासा ध्यान आकर्षित कर रहा है। रिपोर्ट्स की मानें अभिनेता शूजीत सरकार की अगली फिल्म में नजर आने वाले हैं। हालांकि, अभी इसके शीर्षिक से पर्दा नहीं उठा है, लेकिन इसकी रिलीज डेट 15 नवंबर, 2024 बताई जा रही है।

# निशानेबाजी विश्व कप में भाग नहीं लेंगी ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर? कोच जसपाल ने दी बड़ी जानकारी

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक विजेता मनु भाकर मंगलवार को भारत लौट सकती हैं। इसके बाद वह तीन महीने का ब्रेक ले सकती हैं। माना जा रहा है कि वह दिल्ली में होने वाले विश्व कप से भी बाहर रह सकती हैं। भारतीय दल ओलंपिक में कुल छह पदक अपने नाम करने में कामयाब रहा। इनमें से दो मनु भाकर ने जीते। उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा और सरबजोत के साथ मिलकर 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। वह स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली एक ही संस्करण में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय एथलीट बन गईं। इस बीच स्टार निशानेबाज के कोच जसपाल राणा ने जानकारी दी कि वह अक्टूबर में होने वाले विश्व कप का हिस्सा नहीं होंगी। जसपाल ने समाचार एजेंसी पीटीआई से कहा - मुझे नहीं पता कि वह



अक्टूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है। निशानेबाजी विश्व कप दिल्ली में 13 से 18 अक्टूबर के बीच होगा। जसपाल ने कहा कि ब्रेक के बाद वे 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों पर काम करेंगे।

# पाकिस्तान में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता को तोहफे में दी ऑल्टो कार, लोगों ने कहा यह 'अपमान' है

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अरशद नदीम ने भारत के नीरज चोपड़ा को दूसरे स्थान पर पहुंचाकर स्वर्ण पदक जीता। एक पाकिस्तानी व्यवसायी ने स्वर्ण पदक जीतने के लिए अरशद नदीम को एक सुजुकी ऑल्टो उपहार में देने का फैसला किया है। उपहार की खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गई। जिसके बाद अरशद नदीम के प्रशंसकों ने उनका मजाक उड़ाया। उन्होंने ओलंपिक चैंपियन की ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए सुजुकी ऑल्टो को एक नाकाफी पुरस्कार माना। पाकिस्तानी-अमेरिकी व्यवसायी अली शेखानी को ऑनलाइन कड़ी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। नदीम ने 92.97 मीटर के थ्रो के साथ ओलंपिक रिकॉर्ड हासिल किया। जबकि भारत के नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। इस पर



कई नेटिजन्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर टिप्पणी की। कराची निवासी तैमूर एच ने एक्स पर कहा, प्रिय अली शेखानी, उन संपत्ति पर पैसा खर्च करने के बजाय जिनकी मूल्य समय के साथ घट जाता है, क्यों न आप अरशद नदीम के पोषण विशेषज्ञ, प्रशिक्षक या अन्य सहायक/तकनीकी स्टाफ को प्रायोजित करें। जो अरशद नदीम को भाला फेंक में विश्व रिकॉर्ड तोड़ने में मदद कर सकता है? आईटी पेशेवर राहुल जैन ने ट्वीट किया, यह अपमान है ... वह बीएमडब्ल्यू या ऑडी के हकदार हैं। भारत में, मारुति सुजुकी ऑल्टो की कीमत 3.99 लाख रुपये से 5.96 लाख रुपये के बीच है। दोनों कीमतें एक्स-शोरूम हैं। तुलना करने पर, पाकिस्तान में ऑल्टो की कीमत 23.1 लाख पाकिस्तानी रुपये से शुरू होती है जो लगभग 7 लाख रुपये के बराबर होती है। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पाकिस्तान-स्पेक ऑल्टो भारतीय बाजार में बेचे जाने वाले मॉडल से बहुत अलग है।

पाकिस्तान में जो ऑल्टो बेची जा रही है, उसे जापान में 'केई' कार के रूप में बेचा जाता है। केई कारें कॉम्पैक्ट सिटी कारें हैं जिनकी अधिकतम लंबाई 3.4 मीटर, इंजन का आकार 660 सीसी और अधिकतम पावर आउटपुट 64 बीएचपी है। आमतौर पर, ऐसी कारों को ईंधन-कुशल और 1,000 किलोग्राम से कम के कर्ब वजन के साथ डिजाइन किया जाता है। केई कारों पर जापान में कम टैक्स और पंजीकरण शुल्क लगता है, जो उन्हें बजट के प्रति सचेत खरीदारों के लिए एक आकर्षक विकल्प बनाती हैं। पाकिस्तान में ऑल्टो में 658 सीसी, नेचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन है जो 6500 आरपीएम पर 38 बीएचपी की अधिकतम पावर और 4000 आरपीएम पर 56 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करता है।

# ऋषभ पंत ने दी भारतीय दल के सभी खिलाड़ियों को बधाई, कहा- एक एथलीट होने के नाते मैं जानता हूं..



**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक 2024 भारतीय खिलाड़ियों के लिए यादगार रहा। इस टूनामेंट में भारत ने कुल छह पदक अपने नाम किए। इनमें एक रजत और पांच कांस्य शामिल हैं। भारतीय एथलीट्स के शानदार प्रदर्शन पर अब टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने उन्हें बधाई दी है। पेरिस ओलंपिक में भारतीय खिलाड़ियों के हाथ भले ही स्वर्ण नहीं लगा, लेकिन मनु भाकर और नीरज चोपड़ा जैसे एथलीट्स ने अपने दमदार प्रदर्शन से पूरी दुनिया में अलग पहचान स्थापित की। स्टार निशानेबाज मनु ने भारत के लिए कुल दो कांस्य पदक जीते और इतिहास रच दिया। वह एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली आजाद भारत की पहली एथलीट बन गईं। वहीं, नीरज चोपड़ा ने 89.45 मीटर के अपने सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ रजत पदक पर कब्जा जमाया।

इसके अलावा स्वप्निल कुसाले ने पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य पदक जीता। वहीं, भारतीय हॉकी टीम ने कांस्य पदक मुकाबले में स्पेन को 2-1 से हराकर पदक पर कब्जा जमाया। पहलवान अमन सहरावत भी पीछे नहीं रहे। उन्होंने रुषों की फ्रीस्टाइल कुश्ती में 57 किलोग्राम भारवर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया।

भारतीय खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन पर अब टीम इंडिया के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक खास वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर लिखा, एक एथलीट होने के नाते मैं जानता हूं कि आप सभी ने उच्चतम स्तर पर हमारे देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए कितनी कठिनाइयों और बलिदानों का सामना किया होगा। मुझे यकीन है कि आप सभी ने खेलों से बहुत कुछ सीखा होगा। सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को उच्चतम स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए बधाई। आप सभी को शुभकामनाएं। जय हिन्द।

### दलीप ट्रॉफी में खेलते दिख सकते हैं पंत

भारतीय टीम के श्रीलंका दौरे पर ऋषभ पंत नजर नहीं आए। माना जा रहा है कि उन्हें अगले महीने दलीप ट्रॉफी में खेलने का मौका मिल सकता है। पांच सितंबर से शुरू हो रहे इस टूनार्मेंट का आगाज होगा। इसके बाद भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ 19 सितंबर से टेस्ट सीरीज खेलेगी। उम्मीद है कि गौतम गंभीर और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट में पंत को मौका दे सकते हैं।

# निशानेबाजी में और पदक जीत सकते थे', अभिनव बिंद्रा ने भारतीय निशानेबाजों को लेकर कही ये बात

**नई दिल्ली।** भारत ने पेरिस ओलंपिक में छह में से तीन पदक निशानेबाजी में जीते थे। भारतीय निशानेबाज टोक्यो में प्रभाव छोड़ने में विफल रहे थे, लेकिन ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा का मानना है कि भारतीय निशानेबाज पेरिस खेलों में और अधिक पदक जीत सकते थे। हालांकि, बिंद्रा का मानना है कि कुल मिलाकर शूटर्स को अपने अभियान पर गर्व होना चाहिए।

### भारत ने जीते एक रजत, पांच सहित कुल छह पदक

भारत ने निशानेबाजी में तीन सहित कुल मिलाकर छह पदक जीते। इस दौरान मनु भाकर आजादी के बाद ओलंपिक के एक ही सत्र में दो पदक जीतने वाली देश की पहली खिलाड़ी बनीं। महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतने के बाद मनु ने सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर



एयर पिस्टल मिश्रित निशानेबाजी में भी कांस्य पदक जीता। भारत को एक और कांस्य स्वप्निल कुसाले ने 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा में दिलाया। बिंद्रा ने कहा, कुछ निशानेबाज चूक गए लेकिन हर किसी ने अच्छी टक्कर दी। अच्छा परिणाम जरूरी है लेकिन उससे अधिक महत्वपूर्ण यह देखने के बारे में है कि आपने एक देश के तौर पर प्रदर्शन के मामले में कितना सुधार किया है। आप इस तरह देखें तो हमने पहले से बेहतर प्रदर्शन किया है। हम कुछ और प्रदर्शनों को पदकों में बदलते देखना चाहते हैं, लेकिन हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है।

बीजिंग ओलंपिक (2008) के स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा ने कोच जसपाल राणा के साथ मनमुटाव खत्म करने और सफलता के लिए मिलकर काम करने पर मनु की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, राणा ज्ञान का भंडार है, खिलाड़ियों से कड़ी मेहनत करवाने वाले कोच हैं और यह अच्छी बात है। मेरे पास ऐसे कोच थे जो मुझे नापसंद थे लेकिन मैं उनको चाहता भी था। मैंने उनके साथ काम करने का एक तरीका ढूंढ लिया था। मैं मनु को श्रेय देता हूं कि उन्होंने कुछ वर्षों के कठिन समय के बाद जसपाल के साथ समझौता कर लिया। यह एक कोच-एथलीट के रिश्ते में सामान्य है। एथलीट संवेदनशील लोग होते हैं और जब हम दबाव में होते हैं तो संवेदनशीलता बढ़ जाती है।

### बिंद्रा ने बबुता का हौसला बढ़ाया

बिंद्रा ने मनु और कुसाले की सराहना की तो वहीं मामूली अंतर से कांस्य पदक चूकने वाले अर्जुन बबुता का हौसला बढ़ाया। बबुता 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे थे। उन्होंने कहा, मैंने प्रतियोगिता से पहले और बाद में उनसे बात की, वह निराश था, लेकिन वह भविष्य की ओर देख रहा है। उसे चौथे स्थान पर रहने की टीस से निकलने में थोड़े समय की जरूरत होगी। लेकिन यही जीवन है, यही खेल है।

# नीरज चोपड़ा के स्वदेश लौटने में होगी देरी? पेरिस से जर्मनी हुए रवाना

**नई दिल्ली।** दो बार के ओलंपिक पदक विजेता स्टार भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के स्वदेश लौटने में विलंब हो सकता है। नीरज ने पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीता था। पेरिस खेलों का समापन रविवार को हो गया है, लेकिन नीरज के वतन वापसी को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, नीरज संभावित सर्जरी के बारे में चिकित्सा सलाह और आगामी डायमंड लीग प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के बारे में निर्णय लेने के लिए जर्मनी रवाना हो गए हैं।

### 'डायमंड लीग फाइनल में हिस्सा लेना चाहते हैं नीरज'

जून में फिनलैंड में पावो नुरमी खेलों में जीत के बाद नीरज ने कहा था कि वह अपनी चोट के संबंध में पेरिस ओलंपिक के बाद चिकित्सकों से परामर्श लेंगे। उन्होंने ग्रोइन की चोट के साथ 2023 में विश्व चैंपियनशिप जीती थी।



इस साल पेरिस ओलंपिक से पहले उन्होंने एडक्टर मांसपेशियों की समस्या के कारण एक महीने से अधिक का ब्रेक लिया था। नीरज ने अपनी चोट के लिए पहले भी जर्मनी में एक चिकित्सक से सलाह ली थी। ओलंपिक से पहले पिछले महीने उन्होंने जर्मनी के सारब्रुकेन में कुछ समय के लिए ट्रेनिंग भी की थी। पेरिस ओलंपिक के दौरान नीरज ने 14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स में होने वाले डायमंड लीग फाइनल में खेलने की इच्छा जताई थी।

# पेरिस में नहीं पूरी हुई दोहरे अंकों में पदक की आस, लॉस एंजिलिस के लिए मुश्किल हुई चुनौती

**नई दिल्ली।** पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रदर्शन उम्मीद के अनुरूप नहीं रहा और टीम एक भी स्वर्ण लाने में सफल नहीं हुई। भारतीय दल ने छह पदक जरूर जीते, लेकिन वह टोक्यो ओलंपिक के प्रदर्शन को दोहराने में सफल नहीं रहे। इस बार देश को दोहरे अंक में पदक लाने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पेरिस के प्रदर्शन ने भारतीय खिलाड़ियों के सामने चार साल होने वाले लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए बड़ी चुनौती रख दी है। पेरिस के प्रदर्शन ने बता दिया है कि यहां से सबक लेकर अब प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे लाने की जरूरत है।

भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के दोहरे अंकों में पदक जीतने की उम्मीद पूरी नहीं हुई। भारत एक रजत और पांच कांस्य पदक जीत पाया। पेरिस ओलंपिक के लिए साई की ओर से चयनित किए गए सात उच्च प्राथमिकता वाले खेलों (तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, कुश्ती, हॉकी, निशानेबाजी) में चार




एथलेटिक्स, शूटिंग, हॉकी और कुश्ती ही पदक दिला सके। वहीं, प्राथमिकता सूची में शामिल कोई भी खेल पदक नहीं जीत सका।

### मुक्केबाजी ने दिया सबसे बड़ा झटका

खेल मंत्रालय और साई की उम्मीदों पर सबसे ज्यादा पानी तीरंदाजी, मुक्केबाजी और बैडमिंटन ने फेरा। खासतौर पर मुक्केबाजों का प्रदर्शन कहीं से स्तरीय नहीं रहा। स्वर्ण पदक की दावेदार निकहत जरीन चीनी बॉक्सर वू यू के समक्ष नहीं टिक पाईं। अमित पंघाल जांबिया के उस बॉक्सर से हारे, जिसे उन्हें राष्ट्रमंडल खेलों में आसानी से हराया था। लवलीना चीनी बॉक्सर ली कियान पर क्वार्टर फाइनल में पार नहीं पा सकीं।

बैडमिंटन में पदक की सबसे बड़ी उम्मीद सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी थी, लेकिन दोनों क्वार्टर फाइनल में हार गए। दो बार की पदक विजेता पीवी सिंधू भी प्री क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाईं। लक्ष्य सेन बड़ी बढ़त लेने के बावजूद स्वर्ण पदक विजेता विक्टर एक्सेलसेन और कांस्य पदक विजेता ली जी जिया से नहीं जीत पाए और चौथे स्थान पर रहे।

### मानसिक दबाव से इस बार भी नहीं उबरे तीरंदाज

तीरंदाजों के मानसिक दबाव की बात लंबे समय से हो रही है। इस बार उन्हें इससे निकालने के लिए पेरिस जैसे पोडियम, साथ में रहना, तेज हवा में तीरंदाजी कराने के साथ फ्रांस में लंबे समय तक तैयारियां भी कराई गईं। क्वालिफाइंग दौर में तीरंदाजों का प्रदर्शन अच्छा भी रहा, लेकिन नॉकआउट में आकर तीरंदाज एक बार फिर मानसिक दबाव में फंस गए और बेहद खराब प्रदर्शन किया। दीपिका कुमारी और भजन कौर ही कुछ अच्छा कर पाईं। मिश्रित स्पर्धा में धीरज और अंकिता की जोड़ी चौथे स्थान पर रही।

# निराशाजनक प्रदर्शन के बाद पहलवान अंशु ने ब्रेक लेने का किया फैसला, मजबूत वापसी की उम्मीद जताई

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला पहलवान अंशु मलिका का प्रदर्शन पेरिस ओलंपिक में अच्छा नहीं रहा था और वह प्री क्वार्टर फाइनल में हारकर बाहर हो गई थीं। अंशु पदक की दावेदार थीं, लेकिन अपना प्रभाव छोड़ने में विफल रही थीं। अंशु ने कहा कि वह शारीरिक और भावनात्मक रूप से फिट होने के लिए खेल से कुछ समय का ब्रेक ले रही हैं। इस पहलवान ने हालांकि मजबूत वापसी करने का वादात किया। 23 वर्षीय अंशु को 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में अपने से अनुभवी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और पांचवीं वरीयता प्राप्त हेलेन लुसी मैरोयूलिस से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा था।

### सोशल मीडिया पर किया भावुक पोस्ट

अपना दूसरा ओलंपिक खेल कर वापस लौटी आंशु ने इंस्टाग्राम पर लिखा, इसे स्वीकार करना कठिन है, लेकिन यह एक खेल है और हार-जीत



इसका हिस्सा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिणाम क्या है, मुझे कुश्ती पसंद है। अब, यह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए एक नई शुरूआत होगी। मुझे पता है कि मैं एक योद्धा जैसी हूं और पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर वापस आऊंगी। मैं अभी शारीरिक और भावनात्मक रूप से फिट होने के लिए एक छोटा ब्रेक ले रही हूं। इस दौरान मैं देखूंगी कि मुझे कहां बदलाव करने की जरूरत है।

### 'मेरा 12 साल का सपना टूट गया'

अंशु ने इस साल अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालिफायर से पेरिस खेलों का कोटा हासिल किया था। उन्होंने अपनी यात्रा का जिक्र करते हुए कहा, ओलंपिक अब खत्म हो गया है और इसके साथ ही मेरा 12 साल का सपना भी टूट गया। मैंने 2012 में जब कुश्ती शुरू की थी तब अपने पिता से वादा किया था कि मैं 2024 ओलंपिक में पदक जीतूंगी। मैंने उसके बाद से हर दिन बस उसी के लिए मेहनत की है। मैं बस इसे हासिल करने के सपने देखती हूं। मैंने सोचा था हालांकि वैसा नहीं हुआ।

अंशु एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने के अलावा विश्व चैंपियनशिप और राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक विजेता रही हैं। वह पेरिस में तीन बार की विश्व चैंपियन अमेरिका की हेलन के खिलाफ 2-0 की बढ़त को बरकरार नहीं रख पाईं और दमखम दिखाने के बाद भी उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

# महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए आखिर दम तक लड़ूंगी : डॉली शर्मा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कांग्रेस पार्टी महानगर अध्यक्ष सोनल नागर ने कहा कि राजनीतिक न्याय के तहत 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक को लागू किया जाए। इस आरक्षण में हमारी अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति और अति-पिछड़ी एवं अन्य पिछड़े वर्ग की बहनों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और कानून लागू किया जाए। जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, वहां भी इस पर चर्चा कर इसे लागू किया जाए।' महिला कांग्रेस पार्टी की तरफ से पूर्व सांसद प्रत्याशी और राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉली शर्मा ने कहा बीजेपी पार्टी की केंद्र सरकार को महिलाओं का सम्मान देना होगा। इसके लिए कांग्रेस पार्टी संघर्ष करेगी। डॉली शर्मा ने कहा, महिलाओं के सम्मान और अधिकार के लिए आखिर दम तक लड़ूंगी।





महानगर कार्यालय से लेकर घंटाघर तक निकाला गया जुलूस

## महिलाओं के सम्मान की लड़ाई के लिए कांग्रेस वचनबद्ध : भारतीय त्यागी

**करंट क्राइम।** इस मौके पर पश्चिम उत्तर उत्तर प्रदेश अध्यक्ष भारतीय त्यागी ने कहा महिलाओं को उनका सम्मान देने के लिए कांग्रेस पार्टी वचनबद्ध है। इस कार्यक्रम में प्रदेश कमेटी के आह्वान पर परदेश उपाध्यक्ष भगवती शर्मा, महासचिव सुशीला कोली, सचिव सीमा शर्मा, सुनीता मंडल, नफीसा, कामिनी प्रीति शर्मा, हापुड़ नगर अध्यक्ष खालिदा खान, उपाध्यक्ष संजना यादव, गौतम बुध नगर जिला अध्यक्ष राधा रानी, उपाध्यक्ष नजमा खान सचिव गीता, प्रीति, दादरी ब्लॉक अध्यक्ष इमराना सैफी प्रमुख रूप से उपस्थित रही। माया देवी, सरोज जी, लक्ष्मी वर्मा पूर्ण कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष, कशिश गुज्जर गीतिका सहित सैकड़ों महिलाएं उपस्थित रहीं।

## सुमन नगर ने कहा हमारी तीन मुख्य मांगे हैं। महिलाओं के हक और अधिकार के लिए महिला कांग्रेस की इस पूरे आंदोलन की तीन बड़ी और महत्वपूर्ण मांगे केंद्र सरकार से रहेंगी।

**पहली मांग:** राजनीतिक सशक्तिकरण- महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण और भागीदारी के तहत महिला आरक्षण कानून को तुरंत लागू किए जाना चाहिए, जिसमें अति पिछड़े वर्ग कि हमारी ओबीसी की बहनों को आरक्षण और भागीदारी को सुनिश्चित कराना है।

**दूसरी मांग:** आर्थिक सशक्तिकरण- आर्थिक सशक्तिकरण के तहत देश की आधी आबादी जो आज बढ़ती महँगाई और बेरोजगारी से लड़ रही है, उसे राहत देने के लिए नारी न्याय के तहत केंद्र सरकार की महालक्ष्मी योजना के अनुसार हर गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपया या हर महीने 8 हजार 500 रुपए की आर्थिक सहायता सीधा उनके बैंक खातों में दिये जाने की मांग की जायेगी।

**तीसरी मांग:** सामाजिक न्याय और सुरक्षा का अधिकार- देश भर में लगातार महिलाओं के विरुद्ध अपराध में बढ़ोतरी हो रही है और अपराधियों में कानून नाम का कोई खौफ नहीं है।




### जब पास है बहुत की गति तो क्यों बिठा लिये अपने साथ पार्षद पति

जिस बात को लेकर बवाल उठा उसी बात को लेकर खुद ही सवाल उठने वाला सीन हो गया। कहने वाले ने कहा कि लो जी उन्होने तो बैठे बिठाये फाऊल कर लिया और सामने वाले को घर बैठे मौका दे दिया। अरे जब तुम खुद बता रहे हो कि 100 में से 75 तुम्हारे हैं तो उन्ही में से 25 को बुला कर बिठाया जाता। माईक तो तब भी तुम्हारे ही पास रहता और अब भी तुम्हारे पास ही है। नदियापार वाले उन दोनो मेंबर को एक्स बताया गया लेकिन इस राज को छुपाया गया कि ये तो दोनो पार्षदपति हैं। मालीवाड़ा वाले भी तो अब मेंबर हसबैंड ही है। पूरा फूल वाला पार्षद कुनबा भी धीरे से इसी बात को कह रहा है कि जब हमारे पास में बहुमत की गति थी तो अपने साथ इन पार्षद पतियों को बिठाने की मति पता नही किसने दे दी। वो बता रहे हैं कि ये फोटो ही अपनी बात को मजबूती से रखने का आधार बनेगें कि लो जी हम कौन सा गलत कह रहे थें अपने पत्र में।

### भोले ऐसा कोई झूठ ना बोले सांप के काटने से नही पड़ते हैं फफोले

फूल वालों के यहां एक बार बाहर वाले के लिये रियायत हो सकती हैं लेकिन अपनों के लिये डिस्काऊंट का कोई सीन नही है। वैसे भी जब तक वो महिला मोर्चा वाले फ्रेम में नही थी तो उनसे लेडी टोले का पूरा प्रेम था। उन्हे एक जिम्मेदारी मिली और इधर तीर कमान से बाहर निकल आये, तलवारे म्यान से बाहर निकल आयी। सुना है कि मैडम ने कई किलोमीटर की सड़क को अपने कदमों से नाप दिया। और इसी सुनने में ये बात आई कि मैडम को सांप ने काट लिया। सांप जहरीला नही था और काटने का पता भी सुबह ही चला। फूल वाले ही सवाल उठा रहे हैं कि जब सांप को देखा ही नही तो कैसे पता चला कि सांप ने काटा हैं और सांप जहरीला नही था। वो ये भी बता रहे हैं कि सांप के काटने से कभी फफोले नही पड़ते और मकड़ी के काटने से ही ये लक्षण आते हैं। वो पूछ रहे हैं कि किसी डाक्टर को तो दिखाया होगा और बिना देखे डाक्टर ने स्नेक बाईट कैसे बताया होगा। सांप के काटने से नही पड़ते फफोले, इतना भी कोई झूठ ना बोले।

### नामित वाली कृपा होगी क्या कभी कंडेरा जैसे कार्यकर्ता पर भी

अब जब फूल वालों के यहां कृपा वर्षा के बादल छाने लगे हैं तो चर्चा में रोज कई नाम आने लगे हैं। किस पर कृपा होगी इसको लेकर चर्चा फूल वालों में ही चली। नामित वाली सूची में जिन दस के नाम थे वो सब के सब अब एक्स होकर रिलेक्स कर रहे हैं। भगवा बाऊजी भी अब पूर्व हो चुके हैं और नई पारी में वो भी जिम्मेदारी का इंतजार ही कर रहे हैं। क्या कभी वो दिन भी आयेगा जब नामित वाली कृपा लिस्ट में कडेंरे जैसे कार्यकर्ता का भी नाम आयेगा। वो भी तो इस बात को गर्व से कह सकेगा कि हमारी पार्टी सही में कार्यकर्ता को सम्मान देती हैं। सरकार में कार वालें को ही सब कुछ नही मिलता और पैदल चलने वालें कर्मठ कार्यकर्ता को भी भाजपा बुला कर सम्मान देती है।

# सहायक शोध अधिकारियों को नियुक्ति पत्रों का किया गया वितरण

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में जनपद गाजियाबाद हेतु चयनित 9 सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के नियुक्ति पत्रों का वितरण अजीत पाल त्यागी, विधायक, मुरादनगर क्षेत्र द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में एवं ब्रजेश पाठक, उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा नव-नियुक्त सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी), सहायक सांख्यिकीय अधिकारी, कनिष्ठ सहायक, लेखालिपिक, मंडी पर्यवेक्षक पर्यवेक्षक श्रेणी-2, मंडी निरीक्षक, नक्शानवीस / मानचित्रक, मानचित्रकार नियुक्ति पत्र वितरण के 1036 नियुक्तियों के नियुक्ति पत्र वितरण समारोह लोक भवन सभागार, लखनऊ में आयोजित किया गया। इसी क्रम में कुल 09 सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के नियुक्ति पत्र कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद को वितरण हेतु उपलब्ध कराये गये है। जनपद गाजियाबाद हेतु चयनित 09 सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के नियुक्ति पत्रों का वितरण अजीत पाल त्यागी, विधायक, मुरादनगर क्षेत्र द्वारा दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन, गाजियाबाद में किया गया। इस अवसर पर डा० अखिलेश मोहन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, गाजियाबाद, डॉ० अमित विक्रम, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डा० राकेश कुमार गुप्ता, जिला सर्विलांस अधिकारी, गाजियाबाद एवं अन्य अधिकारी मौजूद रहे।




# संतोष हॉस्पिटल के प्रांगण में मनाया गया वर्ल्ड ऑर्गन डोनेशन डे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रक्तदान के बाद अंगदान को सबसे बड़ा दान माना गया है। लोगों में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से हर वर्ष 13 अगस्त को विश्व अंगदान दिवस मनाया जाता है। संतोष हॉस्पिटल गाजियाबाद में भी इसी दिशा में अग्रसर होते हुए, अपने विशेषज्ञों डॉक्टर्स के द्वारा जागरूकता पर अपने विचार रखें जिसमें लोगों को अंगदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

डॉक्टर अलका अग्रवाल ने कहा कि संतोष मेडिकल कॉलेज और हॉस्पिटल पिछले 4 वर्षों से विश्व अंगदान दिवस मनाता आ रहा है। डॉक्टर अनिल कुमार ने बताया कि किन-किन परिस्थितियों में अंगदान कर सकते हैं

व निर्णय लेने में परिवार की आवश्यकता होती है। इस अवसर पर डीन डॉक्टर अलका अग्रवाल, एम. एस. डॉक्टर अल्पना अग्रवाल मेडिकल डायरेक्टर डॉक्टर मनीष सबरवाल, डॉक्टर ओ.पी.कालरा, डॉक्टर अशोक कुमार, डॉक्टर अक्षय भार्गव, डॉक्टर मनोज गोयल, डॉ ज्योति बत्रा उपस्थित रहे।







## ग्रामीणों ने बिजली घर पर किया हंगामा

**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** विद्युत विभाग के रैवये से परेशान होकर गांव अमराला के ग्रामीणों ने सीकरी रोड स्थित बिजली घर पर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणो का कहना है कि आये दिन विधुत फाल्ट व ट्रांसफार्मर चोरी की घटनायें घट रही है, लेकिन विद्युत विभाग उनकी समस्या को हल करने को लेकर गंभीर नही हैं। आंदोलनकारी ग्रामीणों के बीच एसडीओं ग्रामीण भी नही पहुंचे, पता चला कि दोनो अधिकारी डीएम के साथ जिला मुख्यालय पर हो रही बैठक में शामिल होने गये हैं। इसके बाद आंदोलन की जानकारी मिलने पर विभाग के लोगों ने विभाग के अधिशासी अभियंता महेश चंद्र उपाध्याय से फोन पर ग्रामीणों की वार्ता करायी। अधिशासी अभियंता ने किसानों को आश्वस्त किया कि वे दो दिन के भीतर उनकी समस्या का निराकरण करा देंगे। तब जाकर किसान शांत हुये।




## किस एसीपी को मिलेगा जल्द सर्किल

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में जल्द ही कुछ एसीपी स्तर के अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव वाली लिस्ट आ सकती है। सूत्र बता रहे हैं कि सिटी और देहात में दो बदलाव तो तय माने जा रहे हैं। इसके साथ ट्रांस हिंडन के भी कुछ समीकरण बदल सकते हैं, पर संभावना कम नजर आ रही है। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले लोकल सूत्र दावा कर रहे हैं कि किसी पुराने फेस पर ही कमिश्नरेट वाले साहब भरोसा जताएंगे। इसमें सिटी से एक एसीपी के तबादले के बाद नए आने वाले एसीपी पर कितना भरोसा जताया जाएगा यह अभी देखना होगा। वैसे पुलिस सूत्रों से सुनने में आया है कि जो एसीपी गाजियाबाद आएंगे उनकी मात्र चार साल की ही कुल सेवाएं शेष बची बताई जा रही हैं। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सिटी का एक सर्किल पिंक सर्किल बन सकता है। यहां पर वर्तमान वालों के जाने के बाद किसी महिला अधिकारी को तैनाती दी जा सकती है। वर्तमान में



पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में तीन ऐसी एसीपी महिला अधिकारी हैं जो लगभग साइड लाइन वाली पोस्टिंग पर चल रही हैं। उनमें से किसी पर भरोसा बताया जा सकता है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों का दावा है कि यह बदलाव वाली तस्वीरें जल्द सामने आ सकती हैं। इसे एक-दो दिन या 15 अगस्त के बाद हर हाल में फाइनल कर दिया जाएगा। वहीं गाजियाबाद से रवाना होने वाले दो एसीपी अभी वेटिंग में हैं, उनको यहां से छुट्टी नहीं दी गई है। उधर नदियापार को लेकर भी कुछ चर्चा सुनने को मिल रही है लेकिन अंतिम लिस्ट में कौन कहां भेजा जाता है। किसका नाम आता है और किसको अभी वेटिंग पर रखा जाता है, यह देखा जाना बेहद दिलचस्प रहेगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट में कई एसीपी ऐसे हैं जो एक-एक साल लंबी पारी खेल चुके हैं। देखा जाएगा कि उन पर भी अभी भरोसा जारी रहता है या बीते कुछ दिनों में जिस प्रकार से अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले और कार्यक्षेत्र बदले गए हैं यह वाला सीन एसीपी फेस पर कैसा रहता है। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही कुछ एसीपी को सर्किल का चार्ज मिल जाएगा। इसमें प्रबल संभावना महिलाओं की रह सकती है। वैसे सुनने में आ रहा है कि नाम वही फाइनल होगा, जिस नाम की चर्चा पहले भी कमिश्नरेट में हुई थी। पर अभी लिस्ट का वेट है।

# सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल इंडो नेपाल खेल प्रतियोगिता में अव्वल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल कक्षा ग्यारहवीं के छात्र सौम्य गौतम ने इंडो नेपाल यूथ खेल प्रतियोगिता 2024 में विद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए योगा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शानदार उपलब्धि के लिए इस चमकते सितारे को एक स्वर्ण पदक व एक प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा से विद्यालय की गरिमा को सफलतम आयाम देने वाले छात्रों को सेंट जेवियर्स वर्ल्ड स्कूल द्वारा स्कालरशिप प्रदान की जाती है। छात्र ने इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के आशीर्वाद व योग प्रशिक्षण दिलाने वाले गुरूजी ( कोच ) के निर्देशित मार्गदर्शन को दिया है। विद्यालय की डायरेक्टर विभा रावत व प्रधानाचार्या रत्ना त्यागी व हैड मिस्ट्रेस उपाली भट्टाचार्या द्वारा छात्र को अपने आशीवर्चनों से प्रोत्साहित किया और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# टाइम कैप्सूल : भविष्य के लिए संरक्षित वर्तमान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरु वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद के प्रांगण में मंगलवार को सुबह 11 बजे टाइम कैप्सूल को दबाया गया। इस टाइम कैप्सूल में शैक्षिक सत्र 2023-2024 की बहुत सारी चीजों व सूचनाओं को एकत्र करके रखा गया है, जिन्हें अगस्त 2038 को 14 वर्षों की एक निश्चित अवधि के बाद निकाला जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रशासनिक निदेशक के० पी० सिंह, हैड टीचर सुसन होम्स, सभी समन्वयक व प्रशासनिक अधिकारी विद्यार्थी परिषद व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्कूल की हैड टीचर सुसन होम्स ने कहा, टाइम कैप्सूल में रखे गए सभी सामान 14 वर्षों बाद 2038 में हमें हमारे आज की यादों को जिंदा रखेंगे। स्कूल के निदेशक डॉ अरुणाभ सिंह के शब्दों में, यदि किसी पुराने फोटो को देखने मात्र से हमारी सारी यादें ताजा हो जाती है। जब 2038 में इस टाइम कैप्सूल को खोला जाएगा तब 2023-24 के अकादमी सत्र से प्रत्यक्ष रूप में मिल सकेंगे। प्रशासनिक निदेशक के०पी० सिंह के अनुसार, यह आयोजन वर्तमान व भविष्य के अंतर को पहचानने का एक अच्छा प्रयास है।



## संस्कार कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च ने हिमानी सिंघल को किया सम्मानित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** संस्कार कॉलेज ऑफ फार्मेसी एंड रिसर्च ने हिमानी सिंघल को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए बधाई एवं सम्मानित किया, जिन्होंने कांस्य पदक जीता और बी.फार्मा कोर्स (2020-2024) में 90.9% अंक प्राप्त करके विश्वविद्यालय, एकेटीयू द्वारा घोषित टॉप-10 छात्रों की सूची में तीसरा स्थान हासिल किया। संस्कार एजुकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष, मनोज कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष कुश अग्रवाल, सचिव लव अग्रवाल, निदेशक, प्रो. (डॉ.) बबीता कुमार एचओडी, और सभी संकाय सदस्यों ने पढ़ाई के प्रति उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की और उनके भविष्य के प्रयासों में सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष एसईजी ने सभी संकाय सदस्यों से सभी छात्रों की बेहतरी के लिए अपना अच्छा काम करते रहने का आह्वान किया ताकि हर साल अधिक से अधिक छात्र अच्छी रैंक हासिल करें।



## दबंग ने घर में घुसकर की फायरिंग, रिपोर्ट दर्ज

**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** नगर क्षेत्र के गांव रावली कलां में पैसे के विवाद को लेकर दंबग ने घर में घुसकर तमंचे से फायरिंग करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। गांव रावली कलां निवासी शुभम का अपने दोस्त सोनू उर्फ मिर्ची के साथ पैसे के लेनदेन को लेकर विवाद हो गया। उस समय तो मामला शांत करा दिया। देर रात गांव निवासी अमित कुमार शुभम के घर पर आया और गंदी गंदी गाली देने लगा। आरोपी ने अमित ने तमंचे से हवाई फायरिंग कर दी। लोगों को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया। शुभम की मां अनीता ने थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गई है।




# चोरी की गाड़ियां खरीदने वाला गैंग पकड़ा, आरटीओ ऑफिस में दलाल से सेटिंग करके बदलवा लेते थे गाड़ी मालिक

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद पुलिस की क्राइम ब्रांच ने ऐसा गैंग पकड़ा, जो दिल्ली-एनसीआर से लग्जरी गाड़ियां चुराने और फर्जी फाइनेंस कराकर गाड़ियां खरीदने-बेचने का धंधा करता था। पुलिस ने दो अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए इनसे तीन गाड़ियां रिकवर की हैं। क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकि ने बताया- पकड़े गए आरोपी संजय भाटी निवासी सूरजपुर नोएडा और राजीव निवासी खरखौदा मेरठ हैं। इनसे आई-ट्वेंटी, क्रेटा, स्विफ्ट डिजायर और दो फर्जी नंबर प्लेट मिली हैं।



### कर्जा हुआ तो गलत धंधे में लगा संजय भाटी

पूछताछ में संजय भाटी ने बताया- 'मैं 12वीं तक पढ़ा-लिखा हूं। नोएडा में मेरी एक वर्कशॉप है। जहां मैं गाड़ियों की डेंटिंग-पेंटिंग का काम 10-12 साल से कर रहा हूं। गाड़ी खरीदने-बेचने का काम इसी गैराज से पिछले दो साल से कर रहा हूं। कुछ साल पहले मेरे बड़े बेटे का एक्सीडेंट हो गया था। उसके दिमाग का पांच बार ऑपरेशन हो चुका है। इसमें मेरा काफी पैसा खर्च हो गया। इलाज के चक्कर में एक प्लॉट भी बिक गया। इससे मैं कर्जे में आ गया। दो साल पहले नोएडा आरटीओ ऑफिस में गाड़ी के कागजात बनवाने के संबंध में मेरी मुलाकात दलाल राजीव से हुई। राजीव ने ही बताया था कि उसके संपर्क में गाड़ी चुराने वाला गैंग है। इसके बाद मैं राजीव की बातों में आकर इसी धंधे में लग गया।'

### नंबर बदलवाकर ट्रांसफर कराते थे गाड़ी

दूसरे आरोपी राजीव ने बताया 'मैं आरटीओ ऑफिस नोएडा में पिछले 6 साल से दलाली का काम कर रहा हूं। इससे पहले 6 साल दिल्ली के मयूर विहार में मेडिकल स्टोर चलाया, लेकिन घाटा होने पर ये धंधा शुरू कर दिया। इस बीच मेरी मुलाकात नोएडा में सफार्बाद के सोनू यादव से हुई। मैंने उसके साथ चोरी की गाड़ियों और फर्जी फाइनेंस की गाड़ियों के कागजात बनवाने का काम शुरू कर दिया। हम फाइनेंस गाड़ियों की फ्ठ में गाड़ी मालिक का नंबर बदलकर अपना नंबर लिखवाकर फर्जी तरीके से नाम ट्रांसफर करवा देते थे।' राजीव ने बताया- मैं चोरी की गाड़ियां सोनू यादव, नितिन और अज्जू से खरीदता था। सोनू पहले ही जेल जा चुका है।

# श्रीराम पर अभद्र टिप्पणी:पोस्ट करने वाले को पुलिस ने पकड़ा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबद के मुरादनगर में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर भगवान श्रीराम के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला तूल पकड़ गया है। जैसे ही यह खबर वायरल हुई, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने मुरादनगर थाने पर जोरदार हंगामा कर दिया और आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विहिप कार्यकताओं के अनुसार, मुरादनगर निवासी एक युवक ने अपने इंस्टाग्राम आईडी पर भगवान श्रीराम के खिलाफ एक पोस्ट डाली, जिसने सोशल मीडिया पर तेजी से फैलते हुए सनसनी मचा दी। इस पोस्ट को देखते ही विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता आक्रोशित हो गए और तुरंत थाने पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराने की मांग की। एसीपी मसूरी सर्किल नरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सोशल मीडिया पर वायरल हो रही इस पोस्ट की शिकायत मिली थी। इस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी जियाउल्लाह को हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हंगामे के दौरान थाना परिसर में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। इस घटना के बाद से मुरादनगर में तनाव का माहौल बना हुआ है और पुलिस शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क है।



# अंतरिम सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर
## मंदिरों-गिरिजाघरों में तोड़ फोड़ की जानकारी देने की अपील

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने एक हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। साथ ही जनता से अनुरोध किया गया है कि हिंदू मंदिरों, गिरिजाघरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर हुए हमले की जानकारी मुहैया कराएं। आपको बता दें कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद बांग्लादेश में एक बार फिर से हिंसा बढ़ गई थी। इस दौरान अल्पसंख्यकों के धार्मिक स्थलों, व्यवसायों और संपत्तियों को तहत नहस कर दिया गया था।



### सरकार ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

अब बांग्लादेश के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने जनता से अनुरोध किया है कि उन धार्मिक स्थलों की जानकारी दें, जहां तोड़ फोड़ की गई है। मंत्रालय द्वारा एक अधिसूचना जारी की गई है, जिसमें लिखा है, अगर आपको पास किसी मंदिर, गिरिजाघर और अन्य धार्मिक स्थलों में तोड़ फोड़ की जानकारी है, तो हम आपसे अनुरोध करते हैं कि मोबाइल नंबर 01766-843809 पर इसकी जानकारी दें। इसके अलावा आप इस नंबर पर संदेश भी भेज सकते हैं।

### धार्मिक मामलों के सलाहकार खालिद होसेन ने क्या कहा?

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के धार्मिक मामलों के सलाहकार खालिद होसेन ने अल्पससंख्यकों के धार्मिक स्थलों में तोड़ फोड़ की आलोचना की है। एक पत्रकार वार्ता में खालिद ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्हें अल्पसंख्यकों के घरों और धार्मिक स्थलों में तोड़ फोड़ की जानकारी मिली है। उन्होंने अल्पसंख्यकों को हर संभव मदद देने का एलान किया है। हौसेन ने सभी उपायुक्तों को क्षतिग्रस्त हुए स्थलों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए हैं।

### पीड़ित परिवारों से मिले मोहम्मद यूनुस

मंगलवार को अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने पीड़ित अल्पसंख्यक परिवारों से मुलाकात की। यूनुस ने सभी को आश्वासन दिया है कि अल्पसंख्यकों पर हमले करने वाले लोगों को सरकार सजा देगी। आपको बता दें कि 84 वर्षीय मोहम्मद यूनुस ने बीते गुरुवार को मुख्य सलाहकार का पद संभाला था। इसके बाद उन्होंने ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा किया और लोगों से संयम बरतने का अनुरोध किया। यूनुस ने कहा, अधिकार सभी के लिए बराबर हैं। हम सभी एक साथ हैं। कृपया हमारे बारे में कोई भी फैसला लेने से पहले संयम बरतें और हमारा सहयोग करें। अगर हम आपका साथ देने में विफल रहे तो हमारी आलोचना करें।

# भारत ने फिर उठाई सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग
## कहा-जिम्मेदारी नहीं निभा पा रहा यूएनएससी

**यूएन।** भारत लंबे समय से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बदलाव की मांग कर रहा है। अब एक बार फिर भारत ने मौजूदा भू-राजनीतिक परिस्थितियों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा काउंसिल (यूएनएससी) में बदलाव की मांग की है और कहा है कि मौजूदा परिस्थितियों में जब दुनियाभर में संघर्ष बढ़ रहे हैं, उनमें यूएनएससी पूरी तरह से अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में असमर्थ साबित हुआ है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में एक उच्चस्तरीय परिचर्चा में जी4 देशों- ब्राजील, जर्मनी, जापान और भारत की ओर से बयान देते हुए भारतीय राजदूत ने ये बात कही।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रभारी राजदूत आर. रविंद्र ने कहा कि 'हाल ही में वैश्विक भू-राजनीतिक घटनाओं ने स्पष्ट रूप से दिखाया है कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की रक्षा करने की अपनी प्राथमिक जिम्मेदारियों को पूरा करने में असमर्थ है। जबकि इस वक्त दुनिया को इसकी सबसे अधिक जरूरत है। 1945 में जब परिषद की स्थापना की गई थी, इसमें बदलाव की जरूरत हर जगह महसूस की जा रही है। हम आश्वस्त हैं कि स्थायी और गैर-स्थायी दोनों श्रेणियों में अफ्रीकी प्रतिनिधित्व अनिवार्य रूप से होना चाहिए। हम जी4 देशों के सदस्य के रूप में, अफ्रीका के लोगों की इन वैध मांगों और आकांक्षाओं का पूरी तरह से समर्थन करना जारी रखते हैं। अफ्रीका के साथ जी4 का संबंध विश्वास और आपसी सम्मान पर आधारित है और यह सुनिश्चित करने पर केंद्रित है कि अफ्रीका को सुधारित बहुपक्षवाद के नए युग में अपना सही स्थान मिले।'

उन्होंने कहा कि जी4 देशों के लिए यूएनएससी के सही से काम नहीं करने की प्राथमिक वजह अफ्रीका, लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों को प्रतिनिधित्व नहीं देना तथा स्थायी श्रेणी में एशिया प्रशांत क्षेत्र को उचित प्रतिनिधित्व नहीं देना हैं।




### पूर्व में भी ये मुद्दा उठा चुका है भारत

बीते दिनों भी भारत ने यह मुद्दा उठाया था। उस वक्त संयुक्त राष्ट्र में भारत के राजदूत आर. रवींद्र ने सुरक्षा परिषद की खुली बहस में कहा था कि, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के नाकाम रहने का प्रमुख कारण इसका अभी भी 1945 के पुराने नजरिये में फंसा होना है। यह सुरक्षा परिषद की संरचना में साफ दिखता है। सुधारों पर समयबद्ध बातचीत का आह्वान करते हुए, रवींद्र ने कहा, बड़े देशों या समूहों द्वारा अपने संकीर्ण हित में बातचीत प्रक्रियाओं को बाधित किया जा रहा है। यह बहुपक्षीय भावना के लिए हानिकारक है और जहां भी जरूरी हो, इसका विरोध होना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### अमेरिका में भारतीय राजदूत क्वात्रा ने संभाला काम

**वांशिगटन।** भारत के खिलाफ बयान में अचानक बदलाव करते हुए मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और घनिष्ठ संबंधों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। उन्होंने दोहराया है कि भारत हमेशा से उसके करीबी सहयोगियों और अमूल्य भागीदारों में से एक रहा है. भारत ने मालदीव को जब भी जरूरत पड़ी है, सहायता प्रदान की। मुइज्जू ने अपनी टिप्पणी में कहा, हाल में मालदीव के 28 द्वीपों पर पूरी हो चुकी जलापूर्ति और सीवरेस सुविधाओं जैस पहल महत्वपूर्ण आर्थिक लाभ प्रदान करेंगी। उन्होंने कहा, इनसे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलने के अलावा साथ मिलकर राष्ट्र की समृद्धि में भी योगदान हासिल होगा।

हैरिस ने रैली में फूंका बिगुल ट्रंप को हराएंगे, हम ही जीतेंगे

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेट उम्मीदवार कमला हैरिस ने कई प्रमुख प्रांतों में लोकप्रियता में बढ़त हासिल कर ली है। उनकी रैलियों में रिकॉर्ड भीड़ आ रही है। हैरिस ने एक कार्यक्रम में कहा, ह्यहम ट्रंप को हराएंगे, यह चुनाव जीतेंगे ह्व हैरिस ने इस कार्यक्रम में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाया।

ब्रिटिश नौसेना प्रमुख ने लंदन में आईएनएस तबर का दौरा किया

रॉयल नेवी के प्रथम सी लॉर्ड और चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल बेन की ने लंदन में अपने प्रवास के दौरान आईएनएस तबर का दौरा किया। आईएनएस तबर के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन एमआर हरीश ने बेन की को जहाज की क्षमताओं और दोनों नौसेनाओं के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए ऑपरेशनल डिप्लॉयमेंट के उद्देश्य की जानकारी दी।

### सिंगापुर: भारतवंशी पूर्व मंत्री ईश्वरन की सुनवाई टली

**सिंगापुर।** सिंगापुर के भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन के मुकदमे की 13 अगस्त को होने वाली सुनवाई टल गई है। अटॉर्नी-जनरल चैंबर्स (एजीसी) ने कहा कि मुकदमे की तारीख 10 से 13 सितंबर पुनर्निर्धारित कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, ईश्वरन उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ अपील करने का इरादा रखते हैं, जहां जुलाई में एक न्यायाधीश ने अभियोजन पक्ष को अपने सभी 56 गवाहों के बयान सौंपने के लिए मजबूर करने के अपने प्रयास को खारिज कर दिया था। 62 वर्षीय पूर्व मंत्री पर कुल 35 आरोप हैं, जिनमें से दो भ्रष्टाचार के हैं। अन्य 32 मामले एक लोक सेवक के रूप में अधिक मूल्य की वस्तुएं प्राप्त करने के लिए हैं, जबकि एक न्याय के मार्ग में बाधा डालने के लिए है।

भारतीय राजदूत विनय मोहन क्वात्रा ने सोमवार को अमेरिका में भारत के नये राजदूत के रूप में कार्यभार संभाल लिया। इस दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में काम करते रहने की प्रतिबद्धता जताई। विनय क्वात्रा (61 वर्षीय) बीती 14 जुलाई को ही भारत के विदेश सचिव पद से सेवानिवृत्त हुए थे। क्वात्रा अमेरिका में भारत के नये राजदूत के रूप में सेवाएं देने के लिए सोमवार को वाशिंगटन पहुंचे। उन्होंने तरणजीत सिंह संधू की जगह ली, जो साल की शुरुआत में विदेश सेवा से सेवानिवृत्त हुए थे। संधू 2020 से 2024 तक अमेरिका में भारत के राजदूत पद पर कार्यरत थे। कार्यभार संभालने के तुरंत बाद क्वात्रा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, 'अमेरिका में भारत के राजदूत के रूप में कार्यभार संभालने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। भारतीय दूतावास की टीम इस महत्वपूर्ण साझेदारी को मजबूत करने के लिए पूरी शिद्दत से काम करना जारी रखेगी।' क्वात्रा वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास में वाणिज्यदूत के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। विदेश सचिव नियुक्त किए जाने से पहले वह फ्रांस और नेपाल में भी भारत के राजदूत के तौर पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

पाकिस्तान में दो महिलाओं के खिलाफ ईशनिंदा के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पंजाब प्रांत के कसूर जिले के रायकलां गांव में एक इमाम काशिफ अली ने एक निजी स्कूल की प्रधानाचार्य शहनाज खान और उसकी सहयोगी शाजिया करामत पर आरोप लगाया कि दोनों ने कुरान के पन्ने जला दिए और परिवार के साथ गांव से भाग गईं। काशिफ अली ने मस्जिद से यह एलान किया तो लोगों में आक्रोश फैल गया। पुलिस अधिकारी खालिद सलीम ने बताया कि जानकारी मिलने के बाद भीड़ आरोपी शहनाज खान के घर और स्कूल पर पहुंची। तब तक वे भाग चुकी थीं। हालांकि वहा पुलिस तैनात कर दी गई है। दोनों महिलाओं के खिलाफ धारा 295-बी के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। पिछले सप्ताह भी पुलिस ने ईसाई बहनों सामिया मसीह और सोनिया मसीह के खिलाफ ईशनिंदा का मुकदमा दर्ज किया था। आरोप था कि दोनों बहनों ने अपने घर के बाहर कुरान के पन्नों से भरी एक बोरी फेंक दी थी। माइनॉरिटी अलायंस पाकिस्तान के चेयरमैन एडवोकेट अकमल भट्टी ने कहा कि ईसाई बहनों के खिलाफ बेअदबी के आरोप झूठे हैं।

### बांग्लादेश में हिंदुओं को कोई तो बचाओ! पंचगढ़ में दंगाईयों ने फूंक दिया पूरा गांव

**ढाका।** बांग्लादेश से लगातार इस तरह की खबरें आ रही हैं जहां पर हिंदुओं को टारगेट पर लिया जा रहा है। कहीं उनके मकानों को आग के हवाले किया जा रहा है। कई दुकानों को निशाना बनाया जा रहा है। करीब बांग्लादेश के 50 ऐसे जिले हैं जहां हिंदू आबादी अच्छी खासी संख्या में है। जब से वहां तख्तापलट हुआ है वहां हिंदुओं के खिलाफ हिंसा का दौर खत्म नहीं हो रहा है। बांग्लादेश के पंचगढ़ में भी हिंदुओं को आग के हवाले कर दिया गया है। 5 अगस्त को ढाका में मांडा फामेर्सी चलाने वाले गोपाल राजबोंगशी घर पर थे, जब उन्होंने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के देश छोड़ने के दृश्य देखे। उन्होंने स्टोर में अपने कर्मचारियों को इकट्ठा किया, उन्हें दुकान बंद करने और घर जाने के लिए कहा। शाम 4.30 बजे तक, लोगों के एक समूह ने उनकी फामेर्सी में तोड़फोड़ की। दंगाईयों ने दुकान के शटर तोड़ दिए, दवाएं, कंप्यूटर सिस्टम और लगभग 27,000 रुपये की नकदी लूट ली। इंडियन एक्सप्रेस से बात करते हुए राजबोंगशी ने बताया कि मेरी दुकान में लगभग 21.5 लाख रुपये की दवाएं और उपकरण थे, वे सब कुछ ले गए। जब उसने सुना कि भीड़ मुझे ढूंढ रही है तो वह घबरा गया क्योंकि वह एक स्थानीय दुर्गा मंदिर समिति का प्रमुख भी है। वह अपनी पत्नी, 11 साल के बेटे और एक साल की बेटी के साथ अपना घर छोड़कर भाग गया और पिछले एक हफ्ते से छिपकर रह रहा है। राजबोंगशी ने कहा कि मैंने पैसे खो दिए हैं, लेकिन मैं अपनी जिंदगी और अपने परिवार को नहीं खोना चाहता। राजबोंगशी बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय के कई लोगों में से एक हैं, जिन्हें पिछले हफ्ते हमलों का सामना करना पड़ा है क्योंकि 16 साल से अधिक समय के शासन के बाद संकटग्रस्त हसीना अपने घर की ओर मार्च कर रहे गुस्साए प्रदर्शनकारियों के सामने भाग गई थी। अल्पसंख्यक समुदायों के दो संगठनों ने शनिवार को बताया कि 5 अगस्त को हसीना सरकार के पतन के बाद से 52 जिलों में हिंदू समुदाय के सदस्यों पर हमलों की कम से कम 205 घटनाएं हुई हैं।

# हिंसा के बाद ढाका में भारतीय वीजा केंद्र ने फिर से शुरू किया परिचालन, सिर्फ सीमित सुविधाएं बहाल

**ढाका।** बांग्लादेश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र ने अपना परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। हालांकि अभी इस केंद्र पर सीमित ही सुविधाएं शुरू की गई हैं। एक प्रेस विज्ञप्ति में, भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) ने अपने ढाका केंद्र में सीमित परिचालन फिर से शुरू करने की घोषणा की। बता दें कि देश में सरकार विरोधी प्रदर्शन के बीच बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रहीं शेख हसीना ने देश छोड़ने के बाद इस्तीफा दे दिया था। जिसके बाद से देश में भड़की हिंसा के बाद राजनीतिक संकट भी व्याप्त हो गया था। हालांकि कुछ दिन पहले देश में अंतरिम सरकार का गठन होने बाद कार्यवाहक नेता के तौर पर मोहम्मद यूनुस ने सत्ता संभाली है।



### भारतीय वीजा आवेदन केंद्र सीमित परिचालन शुरू

फिलहाल अभी देश में भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (जेएफपी) ढाका ने सीमित परिचालन फिर से शुरू कर दिया है। इस कड़ी में पासपोर्ट के संग्रह के बारे में व्यक्तिगत आवेदकों को संदेश भेजे जाएंगे। वहीं भारतीय वीजा आवेदन केंद्र ने आवेदकों से अनुरोध किया कि वे अपने पासपोर्ट लेने के लिए एक टेक्स्ट संदेश प्राप्त करने के बाद ही केंद्र पर आएं। इस दौरान केंद्र ने सभी से अनुरोध किया है कि सीमित परिचालन के कारण, प्रक्रिया में अधिक समय लग सकता है।

### राष्ट्रीय आपातकालीन हॉटलाइन सेवा भी बहाल

एक स्थानीय अखबार के अनुसार, मंगलवार से राष्ट्रीय आपातकालीन हॉटलाइन सेवा बहाल कर दी गई है। सोमवार से पुलिस अधिकारी तमाम पुलिस थानों पर लौट आए और यातायात पुलिस कर्मी भी काम पर लौटे हैं। जबकि प्राथमिक एवं जन शिक्षा मंत्रालय ने भी प्राथमिक विद्यालयों को एक महीने के बंद रहने के बाद कक्षाएं फिर से शुरू करने का निर्देश दिया है।

### देश में फैली हिंसा में कुल 560 लोगों की मौत

5 अगस्त को शेख हसीना के देश छोड़ने के बाद से देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में बांग्लादेश में 230 से अधिक लोग मारे गए, जिससे जुलाई के मध्य में आरक्षण विरोधी प्रदर्शनों के शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 560 हो गई। इसके बाद एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया और इसके मुख्य सलाहकार, 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले सप्ताह अपने 16 सदस्यीय सलाहकार परिषद के विभागों की घोषणा की।

# पुतिन करते हैं मेरा सम्मान, मैं रहता तो नहीं होता यूक्रेन पर अटैक, ट्रंप ने अपने इंटरव्यू में रूस संग रिश्तों पर क्या कहा



**वांशिगटन।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एलन मस्क के साथ इंटरव्यू में डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की रेस से जो बाइडेन के बैकआउट करने के पीछे की वजह उनके साथ हुई डिबेट को बताया है। उन्होंने कहा कि मैंने बहस में बाइडेन को इतनी बुरी तरह हराया, उन्हें रेस से बाहर कर दिया गया। इसके साथ ही ट्रंप ने प्रेसिडेंशियल डिबेट को अब तक का सबसे महान बहस में से एक बताया है। इंटरव्यू के दौरान ट्रंप ने यह भी दावा किया कि अगर वह अभी भी पद पर होते तो यूक्रेन पर रूस का आक्रमण नहीं होता। उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों पर जोर देते हुए सुझाव दिया कि इस रिश्ते से संघर्ष को रोका जा सकता था। ट्रंप ने कहा कि पुतिन के साथ मेरी अच्छी बनती थी और वह मेरा सम्मान करते थे।

डोनाल्ड ट्रंप का इंटरव्यू एक साइबर हमले के कारण 40 मिनट से अधिक की देरी हुई, जिसने एक्स पर बातचीत की मेजबानी करने वाले लिंक को बाधित कर दिया। देरी के बावजूद, साक्षात्कार पहले 45 मिनट के भीतर 1.3 मिलियन से अधिक श्रोताओं को आकर्षित करने में कामयाब रहा।

# गाजा पर आपस में ही भिड़े इजरायल के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री, नेतन्याहू के प्लान को बताया बकवास

**गाजा।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अपने रक्षा मंत्री की आलोचना की है। जिसके बाद इजरायली सरकार के भीतर दरार उजागर हो गई। हमास, हिजबुल्लाह, ईरान और इजरायल के बीच तनाव से मिडिल ईस्ट जंग के मुहाने पर खड़ा है। ऐसे में इजरायल के प्रधानमंत्री और रक्षा मंत्री के बीच तकरार की खबरें आ रही हैं। इजराइली समाचार मीडिया की रिपोर्ट के बाद नेतन्याहू ने रक्षा मंत्री योव गैलेंट की आलोचना की है।



गैलेंट ने सोमवार को एक निजी सुरक्षा ब्रीफिंग में सांसदों को यह कहकर गाजा पट्टी में हमास पर संपूर्ण जीत हासिल करने के अपने लक्ष्य को बकवास बताया था। रक्षा मंत्री योव गैलेंट द्वारा चल रहे युद्ध में हमास पर संपूर्ण जीत हासिल करने के बेंजामिन नेतन्याहू के लक्ष्य को अस्पष्ट कहने के बाद इजरायली प्रधान मंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने पलटवार किया है। नेतन्याहू ने गैलेंट पर इजरायल विरोधी भावना अपनाने का आरोप लगाया जो बलों की गति और चल रही वार्ता को नुकसान पहुंचा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने इजरायली पीएमओ के हवाले से कहा, जब गैलेंट इजरायल विरोधी कहानी अपनाता है, तो वह बंधकों की रिहाई के समझौते तक पहुंचने की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाते है।

गौरतलब है कि गाजा सिटी में शरणार्थी शिविर में तब्दील एक स्कूल पर इजराइल के हवाई हमले में कम से कम 80 लोगों की मौत हो गई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि इजराइल और हमास के बीच 10 महीने से जारी युद्ध में यह हमला अब तक के भीषण हमलों में से एक है। इजराइली सेना ने हमले की बात स्वीकार करते हुए दावा किया है कि उसने स्कूल के अंदर स्थित हमास के कमान सेंटर को निशाना बनाया। हालांकि, हमास ने इससे (कमान सेंटर से) इनकार किया है। गाजा सिटी में अल-अहली अस्पताल के निदेशक फदेल नईम ने कहा कि हवाई हमले में मारे गए 70 लोगों के शव और 10 अन्य के शरीर के अंग लाए गए हैं।

# शेख हसीना का अभी तक भारत में ही प्रवास, इधर उनके खिलाफ दर्ज हो गया मर्डर केस

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले महीने की हिंसक झड़पों के दौरान एक किराने की दुकान के मालिक की मौत पर हत्या का मामला दर्ज किया गया है। विवादास्पद नौकरी कोटा प्रणाली को लेकर अपनी अवामी लीग के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शन के बाद पिछले हफ्ते इस्तीफा देने और भारत भाग जाने के बाद 76 वर्षीय हसीना के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। ढाका ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, मामला किराने की दुकान के मालिक अबू सईद के एक शुभचिंतक द्वारा दायर किया गया था, जो 19 जुलाई को मोहम्मदपुर में कोटा सुधार आंदोलन के समर्थन में एक जुलूस के दौरान पुलिस गोलीबारी में मारा गया था। अन्य आरोपियों में अवामी लीग के महासचिव ओबैदुल कादर, पूर्व गृह मंत्री असदुज्जमां खान कमाल और पूर्व पुलिस महानिरीक्षक चौधरी अब्दुल्ला अल मामून शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इसके अलावा, कई अज्ञात उच्च पदस्थ पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों को भी मामले में आरोपी बनाया गया था। बांग्लादेश में 5 अगस्त को हसीना सरकार के पतन के बाद देश भर में भड़की हिंसा की घटनाओं में 230 से अधिक लोग मारे गए, जुलाई के मध्य में पहली बार कोटा विरोधी प्रदर्शन शुरू होने के बाद से मरने वालों की संख्या 560 हो गई है। हसीना के नेतृत्व वाली सरकार के पतन के बाद एक अंतरिम सरकार का गठन किया गया था और इसके मुख्य सलाहकार, 84 वर्षीय नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस ने पिछले सप्ताह अपने 16 सदस्यीय सलाहकार परिषद के विभागों की घोषणा की थी। द डेली स्टार अखबार के अनुसार, सोमवार को अवामी लीग की कट्टर प्रतिद्वंद्वी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) सहित सात राजनीतिक दलों ने यूनुस से अलग-अलग मुलाकात की और कहा कि अंतरिम सरकार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए आवश्यक समय ले सकती है। रिपोर्ट में बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर के हवाले से कहा गया है। हमने इस अंतरिम सरकार को चुनाव कराने के लिए उचित माहौल बनाने के लिए आवश्यक समय दिया है। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनाव पर चर्चा नहीं की और बीएनपी ने अगला चुनाव कराने के लिए किसी विशिष्ट समय सीमा का उल्लेख नहीं किया। उन्होंने कहा कि बीएनपी अंतरिम सरकार की सभी गतिविधियों को अपना पूरा समर्थन दे रही है।



# ट्रंप सरकार में एलन मस्क को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी, ताजा इंटरव्यू से सोशल मीडिया पर चर्चाएं शुरू

**वांशिगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप का मशहूर उद्योगपति एलन मस्क के साथ एक इंटरव्यू प्रसारित हुआ है। इस इंटरव्यू के बाद इस बात की चर्चा शुरू हो गई है कि अगर राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप को जीत मिलती है तो उसमें एलन मस्क को कोई अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। इस इंटरव्यू में मस्क और ट्रंप के बीच अवैध प्रवासियों, तीसरे विश्व युद्ध, ट्रंप पर हुए हमले आदि मुद्दों पर बातचीत हुई।



### ट्रंप सरकार में मस्क को मिल सकती है अहम जिम्मेदारी

दरअसल इंटरव्यू के दौरान एलन मस्क ने कहा कि 'मेरी इच्छा है कि सरकारी खर्च का प्रबंधन करने में वह सरकार की मदद करें। मुझे लगता है कि सरकार एक आयोग बनाए, जो करदाताओं के पैसों के सही खर्च का ध्यान रखे। मुझे ऐसे किसी आयोग की मदद करने में बहुत खुशी होगी।' मस्क के बयान पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 'इस प्रस्ताव पर विचार करके उन्हें खुशी होगी।' इस चर्चा के बाद सोशल मीडिया पर ये चर्चा शुरू हो गई कि अगर ट्रंप सत्ता में आते हैं तो उनकी सरकार में एलन मस्क को अहम जिम्मेदारी दी जा सकती है।

मस्क, डोनाल्ड ट्रंप के समर्थक माने जाते हैं और मई में भी अमेरिकी मीडिया में अफवाहें थीं कि अगर ट्रंप चुनाव जीतते हैं तो वे एलन मस्क को सलाहकार बनाया जा सकता है। अब दोनों लोगों की ताजा बातचीत से उन चचाओं को और बल मिला है। सोशल मीडिया पर एक यूजर ने लिखा, 'ऐसा लगता है कि मस्क अपनी नौकरी के लिए साक्षात्कार दे रहे हैं।' एक और यूजर ने चुटकी लेते हुए कहा, 'भूमिका पाने का यह कितना बढ़िया तरीका है, मस्क वास्तव में एक ट्रेंडसेटर हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा कि 'इस आदमी की आईक्यू इतनी शानदार है कि मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता।' बातचीत के दौरान दोनों के बीच परमाणु ऊर्जा से बिजली बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। इस दौरान ट्रंप ने कहा कि अक्सर परमाणु ऊर्जा से बिजली बनाने के तरीके को अनदेखा किया जाता है और अतीत में हुई कुछ घटनाओं से इसका नाम खराब हुआ है। हमें परमाणु ऊर्जा को अच्छा नाम देना होगा। इस दौरान ट्रंप ने मस्क से कहा कि हम इसका नाम आपके नाम पर रखेंगे या कुछ और। ट्रंप के इस बयान से भी लगा कि ट्रंप भी सत्ता में आने पर मस्क को कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। कमला हैरिस और उपराष्ट्रपति पद के दावेदार वाल्ज की प्रचार अभियान टीम ने अपने समर्थकों को एक ईमेल भेजकर ट्रंप और मस्क पर निशाना साधा।। इस ईमेल में लिखा गया है कि 'दो सबसे बुरे लोग, जिन्हें आप जानते हैं, वे आज शाम लाइव हैं। ईमेल में लिखा गया कि मस्क, ट्रंप के प्रचार अभियान के लिए लाखों डॉलर दान दे रहे हैं और साथ ही अपने सोशल मीडिया मंच एक्स का भी ट्रंप के फायदे के लिए इस्तेमाल कर रहे हैं।'

# किसी की इजाजत नहीं चाहिए, इजरायल को देंगे जवाब- ईरान ने पश्चिमी देशों के नेताओं को दिखाया आईना

**तेहरान।** तेहरान में घुसकर हमास नेता इस्माईल हानियेह की हत्या के बाद ईरान इजरायल पर तिलमिलाया हुआ है। इजरायल को सजा भुगतने की धमकी देने के बाद ईरान ने खुली चुनौती भी दे दी है। इस बीच यूरोपीय देशों के कुछ नेताओं ने ईरान से शांति बनाए रखने की अपील की थी जिसे ईरान ने ठुकरा दिया है। तीन यूरोपीय देशों के प्रमुख ने ईरान से किसी भी जवाबी हमले से बचने की मांग की थी। उनका कहना था कि इससे क्षेत्रीय तनाव और बढ़ सकता है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने सोमवार को एक संयुक्त बयान जारी कर इजराइल-हमास युद्ध को खत्म करने का प्रयास कर रहे कतर, मिस्त्र और अमेरिका के प्रति समर्थन जताया था। यूरोपीय नेताओं ने हमास के बंधक बनाए गए कई लोगों की वापसी और मानवीय सहायता को बिना रोक टोक के पहुंचने देने की भी अपील की थी। वहीं उन्होंने ईरान और उसके सहयोगियों से कहा है कि वे जवाबी कार्रवाई से बचने की कोशिश करे।

हालांकि ईरान ने इन मांगों पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। खबरों के मुताबिक ईरान के राष्ट्रपति ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से कहा है कि तेहरान इजरायल के खिलाफ जवाबी कार्रवाई को अपना अधिकार मानता है और यह भविष्य में आक्रामकता को रोकने का सही तरीका है। पेजेशकियन ने सोमवार देर रात प्रधानमंत्री कीर स्टारमर के साथ फोन पर बातचीत में कहा कि गाजा में अमानवीय अपराध और मिडिल ईस्ट में दूसरे जगहों पर इजरायली हमलों के बारे में पश्चिम देशों की चुप्पी गैर-जिम्मेदाराना थी और इसने इजरायल को क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा को जोखिम में डालने के लिए और प्रोत्साहित किया है। गौरतलब है कि ईरान इजरायल को मान्यता नहीं देता है और हमास और लेबनान के हिजबुल्लाह सहित इजरायल विरोधी आतंकवादी समूहों का समर्थन भी करता है।




# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई

## कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा करेंगे शहीद स्थल मनन धाम में ध्वजारोहण : जिलाधिकारी

### हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाएं स्वतंत्रता दिवस : जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह



**सभी कार्यालयों पर प्रात : 8 बजे किया जाए ध्वजारोहण : डीएम**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनपद गाजियाबाद में स्वतंत्रता दिवस मनाने एवं शासनादेश के क्रम में स्वतंत्रता दिवस एवं राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित कोई भी बिन्दु छूट ना जाये इस संबंध में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को शासनादेश के अनुसार स्वतंत्रता दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 15 अगस्त को 78वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का रंग केसरिया, सफेद, हरा होना चाहिए इसके मध्य सफेद पट्टी में 24 तिल्लियों का नीले रंग का अशोक चक्र होना चाहिए। राष्ट्रीय ध्वज की लम्बाई व चौड़ाई 23 होनी चाहिए। झण्डा कहीं से भी गंदा, फटा, कट लगा हुआ नहीं होना चाहिए। सभी अधिकारी/ विभागाध्यक्ष अपने कार्यलय पर सुबह 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा पूर्वाह्न 11:00 बजे, शहीद स्थल निकट मनन धाम में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता सेनानियों/ परिजनों सहित अन्य गणमान्य को सम्मानित किया जाना प्रस्तावित है। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर जनपद के नगर निगम, नगर पालिका, जिला पंचायत, ग्राम पंचायतों सहित अन्य ब्लॉकों एवं कार्यालयों पर स्वतंत्रता दिवस से पूर्व स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा और इसके साथ ही स्वतंत्रता दिवस को पूरे हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। विद्यालयों में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में वाद–विवाद, निबंध सहित अन्य प्रतियोगिताएं कराई जायेगी। जनपद में विभिन्न संगठनों द्वारा प्रभात फेरी निकाली जायेगी। स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा अस्पतालों, कुष्ठ रोग आश्रम व कारागार में फल वितरण किया जायेगा। बैठक में सभी एडीएम, एसडीएम, सीटीओ, श्री आरपी सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, श्री ललित जायसवाल चीफ वार्डन सिविल डिफेन्स सहित सभी विभागों के अधिकारी/ अध्यक्ष / प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# साहिबाबाद, गाजियाबाद में संपन्न हुआ विशाल किसान सम्मेलन

## तेजपाल सिंह राणा बने इंडियन किसान यूनियन के पश्चिम यूपी के प्रदेश अध्यक्ष





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गरिमा गार्डन साहिबाबाद गाजियाबाद में मंगलवार को किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष इंडियन किसान यूनियन व पूर्व राज्य मंत्री उत्तराखंड सरकार के चौधरी रामकुमार वालिया रहे। कार्यक्रम में उपस्थित पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के कई जनपदों से आए सैकड़ों किसानों को वालिया ने जैविक खेती के फायदे बताए। किसानों को केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा कृषि क्षेत्र में कृषि उपकरणों और रासायनिक व जैविक खाद व कीट नाशक दवाइयां कृषि उत्पादन वृद्धि में सहायक प्रोडक्टों में मिलने वाली सब्सिडी व अन्य सहायताओं के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियां दी।

### किसानों को नई–नई खेती तथा जैविक खेती की जानकारी देने का कार्य करती है इंडियन किसान यूनियन : चौधरी रामकुमार वालिया

**करंट क्राइम।** रामकुमार वालिया ने बताया इंडियन किसान यूनियन संपूर्ण भारतवर्ष में अपने लगभग 1 लाख से अधिक सदस्यों के साथ मिलकर किसानों की हर समस्या का निदान कराने का कार्य करता है। रामकुमार वालिया ने सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में कार्यक्रम के आयोजक तेजपाल सिंह राणा पूर्व पार्षद गाजियाबाद को इंडियन किसान यूनियन का पश्चिम प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया। कार्यक्रम में आये वरिष्ठ समाजसेवियों, किसानों तथा उपस्थित जनों ने अपने व्यक्तव्यों में तेजपाल राणा द्वारा कराये गए विकास कार्यों की प्रशंसा की। रामकुमार वालिया के व्यक्तव्य इतने प्रभावशाली व तर्कपूर्ण थे कि बीच में पूरा हाल तालियों से गूँजता रहा। कार्यक्रम के अंत में पूर्व पार्षद तेजपाल सिंह राणा ने अपना व्यक्तव्य रखा। कार्यक्रम में पधारे कई जनपदों से आये किसानों और मातृशक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की।

### गणमान्य लोग उपस्थित रहे

कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजनकर्ता तेजपाल सिंह राणा, सह संयोजक जितेंद्र गौड़, राजकुमार रावल, अमित कसाना, भूपेंद्र कुशवाह, (एडवोकेट) प्रमोद तरार, राघव, सोमवीर सिंह, विकास माथुर, रामकुमार सिंह, शिवराज पांडेय, सुभाष सोम, माथुर, कपिल मावी, डॉ संदीप शर्मा, संदीप वर्मा, रमेशचंद कुशवाह, महाराज पुंडीर, ज्ञानेंद्र चौहान, गुरुदास पाल, जेपीएस चौहान, बबलू बाल्मीकि, गजराज धामा, एस.पी सिंह, एड.जितेंद्र तोमर, संजय चौहान, ठा त्रिलोकी सिंह, अंकित ठाकुर, मोनू राघव, दीपक उपाध्याय, रोहित चौहान, शिवकुमार शर्मा, स्वीटी शर्मा, रितु सरीन, शशि शर्मा, राजकुमार त्यागी, ठा ओमकार सिंह, सतीश शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, वीरेंद्र मिश्रा, सोनू प्रजापति, बबिता कश्यप, नरेंद्र कठेरिया, नूर मोहम्मद सैफी, अनीश सैफी, जहीर सैफी, समीर पठान, फिरोज इदरीशी, वकील अहमद, सतेंद्र त्यागी, मुरलीधर यादव, राहुल जादौन, मनोज राघव, अनंगपाल सोम, कामिल चौधरी, सोमवीर चौहान, आलोक संदीप चौहान, फईम राजपूत, रामबीर गिरी, ठा पवन सिंह गोटका, भारद्वाज, प्रो. कौशल शर्मा, अरविन्द कुमार, मुरारी लाल राठौर, संजीत राठौर, ठा.सुखपाल सिंह, पप्पन प्रधान, गोल्डी गुप्ता, विनय गौतम, सुखबीर रावत, कंछिद पाल, अश्विनी वर्मा, एड. दीपक कश्यप, समेत सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। इससे पूर्व कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम आयोजक तेजपाल राणा, सह संयोजक जितेंद्र गोड, राजकुमार रावल सहित बड़ी संख्या में लोगों ने चौधरी रामकुमार वालिया का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

# स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महापौर सुनीता दयाल ने महापुरुषों की प्रतिमाओं को किया साफ

## हर घर तिरंगा अभियान में सभी वार्डों में झंडे देगा नगर निगम : महापौर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी पूरे भारत के सभी प्रदेशों में 13 से 15 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस मना रही है। हर घर तिरंगा का कार्यक्रम एवं स्वच्छता अभियान कार्यक्रम किया जाना है, उसी कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शहर मण्डल में नवयुग मार्किट स्थित शहीदी स्थल पर महापौर सुनीता दयाल ने शहीदों एवं महापुरुषों की प्रतिमाओं की साफ सफाई एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जिसमें मुख्य रूप से मण्डल अध्यक्ष माहिम गुप्ता,पूर्व पार्षद राजेश शर्मा,महिला मोर्चा महानगर उपाध्यक्ष लवली कौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सिम्मी,मीना गांधी, सुधीर, अनिल जिंदल, वार्ड अध्यक्ष रोहित चौहान, वंदना पांडेय, सुमन सक्सेना एवं समस्त महिला मोर्चा शहर मण्डल आदि उपस्थित रहे।

### भारत की आजादी शहीदों की देन : महापौर

**करंट क्राइम।** महापौर सुनीता दयाल ने इस अवसर पर बताया कि भारत की आजादी 1947 में हुई थी लेकिन आजादी के बाद भी पड़ोसी देश हम पर हाबी थे। जब से प्रधानमंत्री ने शपथ ली है तब से आजादी खुलकर आई है और भारतवासियों ने यह महसूस भी किया है। हमारे भारत को आजद करने में लाखों लोगों ने कुर्बानी दी है। जब तक सूरज–चांद रहेगा, देश के शहीदों का नाम अमर रहेगा। शहीदों की कुर्बानी को भुलाया नही जा सकता है। इसी कार्यक्रम के अंतर्गत गाजियाबाद नगर निगम भी हर घर तिरंगा अभियान में सभी वार्डों में झंडे वितरण कर रहा है। लगभग 5 लाख का उदेश्य है जिसको पूरा किया जाएगा, साथ ही सभी पार्षद भी अपने–अपने वार्डों में घर–घर तिरंगा लगवाएं एवं रैली भी निकलें। हर गली में भारत माता की गूंज हो।

### शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश गर्ग खादी वाले और उनके सुपुत्र हिमांशु प्रकाश गर्ग दैनिक करंट क्राइम मुख्यालय आये। उन्होंने समाचार संपादक दीपक भाटी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए भगवा अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान वरिष्ठ संवाददाता सुभाष शर्मा, वरिष्ठ सवांददाता गौरव शशि नारायण, साहिबाद ब्यूरौ चीफ उदयवीर सिंह, कम्प्यूटर विभाग से नरेश शर्मा, विक्की सैनी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान, बना देश का अभिमान

### महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा की साफ–सफाई और माल्यार्पण कार्यक्रम किया गया आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** माननीय प्रधानमंत्री के आव्हान पर हर घर तिरंगा अभियान को पूरे देश में हर्ष उल्लास के साथ मनाया जा रहा है, और सभी देशवासी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए तिरंगे के साथ सेल्फी ले रहे हैं। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के निर्देशानुसार और महानगर महिला मोर्चा संयोजिका डॉ उदिता त्यागी के नेतृत्व में मंगलवार को महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा की सफाई और माल्यार्पण का कार्यक्रम किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महानगर उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा प्रभारी रनिता सिंह, विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा रुचि गर्ग एवं महानगर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा (कार्यक्रम संयोजिका व वार्ड–15 कि पार्षद) पूनम सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष महिला मोर्चा नीरज चौहान, नीलम सिंह, निशी त्यागी, वंदना जोशी, शिरोमणि त्यागी व महानगर महामंत्री महिला मोर्चा भक्ति सिंह, महानगर महिला मोर्चा एवं मण्डल महिला मोर्चा कि टीम लवली कौर, दीप्ति अरोड़ा, प्रमिला चौधरी, मीना गांधी, किरण सिंह, वर्षा हेजेला, करुणा सीसोदिया, सुषमा सिंह, रितु पारिख, सीमा सिंह, अनीता विश्वास, सुषमा मिश्रा, रश्मि जी, मंजू राघव, सर्वेश शर्मा, कौशल चौहान, सुधा शुक्ला, मंजू श्रीवास्तव, सरोज, सीता, रजनी उपस्थित रहीं।

### शुभकामनाएं



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सपा नेता अलाउद्दीन अब्बासी करंट क्राइम मुख्यालय आये। उन्होंने समाचार दीपक भाटी को उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर समाचार संपादक दीपक भाटी ने अलाउद्दीन अब्बासी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अलाउद्दीन अब्बासी ने दीपक भाटी की लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Kiran Singh
1h ·

#Happy_Birthday
बुआ के प्यारे #भतीजे कान्हा को Happy वाला Birth day..



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बुआ भतीजे का रिश्ता सबसे प्यारा होता है। भतीजे का जन्मदिन बुआ के लिए सबसे खास दिन होता है। कान्हा के हैप्पी बर्थडे को उसकी बुआ किरण सिंह ने खास बनाया। रिश्तों की खूबसूरत अहमियत का संदेश देती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब बज रहा था पार्षदों के ग्रुप में मेयर जिंदाबाद वाला ढोल? तब किस पार्षदपति के निकले शिकायत वाले बोल? भाजपा वाले पार्षद पति शर्मा जी ने कहा एक महीने से हूं वार्ड में सीवर की समस्या से परेशान? अगर मना लिया हो पचास लाख वाला जश्न तो कोई दे उत्तर जो पूछा है मैनें प्रश्न? उन्होंने कहा क्या इस वाली राशि में हो जायेगा वार्ड की सीवर समस्या का समाधान? कहने वाले ने कहा पहले पचास लाख का प्रस्ताव पास तो हो जाने दो पार्षदपति श्रीमान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब गूंज रहा था पार्षद व्हाट्सऐप ग्रुप पर इधर से उधर जिंदाबाद जिंदाबाद? तब सीन में हो गई नदिया पार वाली पार्षद भारद्वाज मैडम की एन्ट्री? उनके स्वर में था रंज और कहने वाले ने कहा कि उन्होंने कसा है ये तंज? उन्होंने लिखा कि एक करोड़ मिलते ही याद आ गया महिला का सम्मान? उन्होंने याद दिलाया कि ये कोई नई बात नहीं है मेरे प्रिय पार्षदों? पिछली बार भी एक करोड़ ही मिले थे? भारद्वाज मैडम की हो चुकी है कार्यकारिणी वाले पत्र को लेकर मेयर से नोक–झोंक? वो याद दिला रहीं है कि इतना जश्न मत मनाओ और वार्ड के विकास पर ध्यान लगाओ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जो भी हो मानना पड़ेगा मेयर सुनीता दयाल की रणनीति का कमाल? अगर चल रहा था कोई डाल–डाल तो वो भी चलीं है इस गेम में पात–पात? सुना है बुधवार को बन चुका था पार्षदों का सभागार में मिलने का प्लान? उससे पहले ही मेयर को लग गई भनक और मंगलवार की दोपहर को कर दिया उन्होंने एक–एक करोड़ देने का ऐलान? कहने वाले ने कहा कि पूरा गेम ही कर दिया अपनी रणनीति से चेंज? जिन्हें मिलना था बुधवार की दोपहर सभागार में और करनी थी डिमांड? अब वो बुधवार को नगर निगम आयेंगे और नारे लगाते हुए मेयर के घर तक जायेंगे?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रहा था नगर निगम में एक–एक करोड़ रुपए के विकास वाला स्वेग? तब त्यागी पार्षद ने पूछ लिया 15 अगस्त भी आ गई है, कहां रखे हुए है वो 5 हजार फ्लैग? त्यागी पार्षद ने याद दिलाया कि 13 निकल चुकी आ गई 14 कल आ जायेगा स्वाधीनता का दिन? कब आयेंगे झंडे, कब बटेंगे, कब फहरायेंगे, कब लहरायेंगे? हमें तो समझ नहीं आ रहा कि अपने वार्ड में हम कैसे झंडा हर घर तिरंगा फरायेंगे? आप ही बताओ हम पार्षद वार्ड के लोगों को क्या बतायेंगे?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या आज पूरे 100 पार्षद एकजुट हो जायेंगे निगम सभागार में? कहने वाले ने कहा आप लिखकर रख लो सब के सब एकजुट नहीं है निगम वाली इस तकरार में? कुछ नगर निगम आयेंगे और कुछ मैडम के घर पहुंचेंगे अपनी कार में? आप देख लेना कुछ ऐसे भी हैं जो रखेंगे दोनों लड्डू अपने दोनों हाथ में? वो ना बिगाड़ना चाहते हैं साहब से अपनी बात और ना दिखाई देना चाहते हैं मेयर के साथ? उन्हें पता है जब सबको मिलेंगे 50–50 लाख तो हमारा भी नंबर आयेगा? कहने वाले ने कहा कि वो जानते हैं अभी ताजी चोट है इसलिए इतनी सपोर्ट है? हमें पता है बाद में नतीजा वो ही ढाक के तीन पात आयेगा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नहीं है अब भाजपाईयों को इस बात पर विश्वास? भेजी है यहां वालों ने कोई सूची प्रदेश वालों के पास? लेकिन जब से हुआ है ये जिक्र हो गई है उनमें फिक्र? सुना है प्रदेश संगठन महामंत्री के पास पहुंची है 100 नामों वाली कोई लिस्ट? विधानसभा उपचुनाव से पहले ही आ सकता है स्टोरी में ट्विस्ट? क्या इन 100 नामों में शामिल हैं गाजियाबाद के भी भाजपाईयों के नाम? सुना है प्रदेश संगठन महामंत्री के पास पहुंची इस सूची में है कई नाम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि सरकार की कृपा पाने वाले नवभाजपाई ने टेक रखा है इन दिनों उत्तराखंड के एक दरबार में माथा? सुना है वो बता रहे हैं वहां जाकर अपने पॉलिटिक्ल संघर्ष की गाथा? उन्हें इस बात की लग रही है पूरी उम्मीद? गोरखपुर वालों से जुड़ेगा उत्तराखण्ड का कनैक्शन और खुल जायेगा लक बाई चांस? कहने वाले ने कहा कि वो कितने भी लगा लें जोर? नहीं खुलने वाला उत्तराखंड से यूपी में मिलने वाली भगवा कृपा का डोर?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नगर निगम में छिड़ी बड़ी जनप्रतिनिधि और बड़े अफसर के बीच लड़ाई? खत्म हो गई दल वाली दूरियां और दिखी गैरों को भी साथ लेने की मजबूरियां? कैला भट्टे वाले सैफी जी भी फोन करके बुलाये गये और हाथ वालों को भी लगाया गया गले? लेकिन ऐसा क्या हुआ कि फूल वालों के पार्षद चेहरे ही बना गये ऐसे मौके पर दूरी? कहने वाले ने कहा कि रणनीति अच्छी है लेकिन कुछ एक्स हो चुके खास चेहरे बनायेगें इस जंग से दूरी? अब रिश्तों में नहीं दिखाई दे रही है वो शीतलता और लाईनपार वाले भी कर रहे हैं कुछ कुछ ऐसा ही फील? आप देख लेना इस जिरह में जिनसे चल रही थी विहर? वो ही बनेंगे इस लड़ाई के सबसे बड़े वकील?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि समाजवादी खेमे में शायद शहरी चुनावी रण में कर लिया है इस बात का प्रण? चुनाव लड़ेगी कांग्रेस और वो चलायेंगे गठबंधन की साईकिल उसके संग? कहने वाले ने कहा कि ये फार्मूला यहां भाजपा के लिए कड़ी चुनौती लेकर आयेगा? इस बार वोट प्रतिशत के साथ साथ इलाकों में हुआ वोट प्रतिशत एक बड़ी और निर्णयायक भूमिका निभायेगा? वो चुनावी विश्लेषक रहें सावधान जिन्हें लग रहा है कि यहां आसानी से फूल खिल जायेगा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि लाइन पार वाले किस चेहरे ने दी है बड़े ही जतन से किन ध्वज प्रणाम वालों के यहां दस्तक? सुना है झुका दिया है उन्होंने किसी मनोकामना को लेकर अपना पूरा मस्तक? वो चाहते हैं कि जीडीए बोर्ड सदस्य वाली बन जाए उनकी बात? सुना है यहां फस गया है जिला और महानगर वाली कुर्सी का पेंच? उन्होंने कर लिया है इस बात को स्वीकार? प्रथम प्राथमिकता में होंगे पूर्व में अध्यक्ष रह चुके चेहरे ही स्वीकार? उन्ही के नामों पर होगा विचार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**